26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 29 मई, 2026

अंक- 214 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## नीट फीस रिफंड के लिये बैंक विवरण जमा करने की तारीख बढ़ी

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। नीट यूजी 2026 परीक्षा से जुड़े उम्मीदवारों के लिए अहम अपडेट सामने आया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) ने परीक्षा शुल्क वापसी के लिए बैंक खाते की जानकारी जमा करने की अंतिम तारीख बढ़ाकर 22 जून 2026 कर दी है। यह फैसला उन छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जिन्होंने अब तक अपने बैंक डिटेल्स जमा नहीं किए हैं। दरअसल, नीट यूजी 2026 परीक्षा 3 मई को आयोजित की गई थी, लेकिन पेपर लीक के आरोपों के बाद एनटीए ने 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी थी। इसके बाद एजेंसी ने 21 जून को दोबारा परीक्षा कराने का फैसला लिया। एनटीए ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि री-एग्जाम के लिए उम्मीदवारों से कोई नया परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाएगा और पहले जमा की गई फीस वापस की जाएगी।













# बलि हुये जीवों की आत्मा की शांति के नमोकार मंत्र का पाठ किया




**किरतपुर ( चिंगारी )**। तीर्थंकर महावीर स्वामी के मुख्य संदेश जियो और जीने दो तथा प्राणी मात्र के जीवन की रक्षा करना अर्थात अहिंसा और करुणा जीव दया के मानने वाले जैन समाज के द्वारा मूक पशुओं की बलि के नाम पर जीव हिंसा पर दुःख प्रकट करते हुए विश्व में ईदुल अजहा पर बलि हुए जीवों की आत्मा की शांति हेतु शांति पाठ एवं नमोकार मंत्र का पाठ किया। परमात्मा से प्रार्थना की गई कि बलि हुए जीवात्मा को पुनः पशु योनि प्राप्त न हो, उन्हें अच्छा मनुष्य जन्म प्राप्त हो, जिससे वह अपना कल्याण कर सके। अनिल जैन ने मूक पशुओं की बलि के संबध में एक दृष्टांत देते हुए बताया कि तीर्थंकर श्री नेमिनाथ के विवाह के समय लड़की वालों (राजुल) बाड़े में पशु बंधे हुए थे, बंधे पशुओं के बारे में नेमीनाथ जी को बताया कि इन पशुओं का वध करके इनका मांस मांसाहारी राजाओं को खिलाया जाएगा, नेमीनाथ जी ने तुंरत रथ से उतरकर पशुओं को आजाद कर दिया,स्वयं जैनेश्वरी दीक्षा लेकर आत्म कल्याण हेतु पहाड़ों पर तप करने चले गए। हमें भी प्राणी मात्र के लिए करुणा एवं जीव दया का अपने जीवन में संकल्प लेना चाहिए। अनिल जैन के आह्वान पर अनिल जैन, सविता जैन, संजय जैन, बबीता जैन, यतेंद्र जैन, अंजलि जैन, अविनाश जैन, सोनल जैन, सुनील जैन, शालिनी जैन, मंजू जैन, नीलम जैन, नैंसी जैन, गौरव जैन, अरविंद जैन आदि ने अपनी सुविधानुसार नमोकार मंत्र का पाठ कर बलि हुए जीवों की आत्मा शांति हेतु प्रार्थना की।

## बलि हुये पशुओं की आत्मा की शांति के लिये किया पाठ



**धामपुर ( चिंगारी )**। इस्लाम धर्म की एक प्रथा अनुसार बकरा ईद पर अनगिनत मूक पशुओं की बलि दी जाती है। दूसरी ओर जैन धर्म का मूल सिद्धांत 'अहिंसा परमो धर्म' सर्वथा ही इन निर्दोष एवं मूक पशुओं के लिए कल्याण की भावना रखता आया है। इसी क्रम में धामपुर जैन समाज द्वारा श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में प्रात: लगातार एक घंटा 'णमोकार महामंत्र का सामूहिक पाठ' मूक पशुओं की हुई बलि पर उनकी आत्मिक शांति हेतु किया गया। इस अवसर पर सकल जैन समाज के महिला व पुरुष उपस्थित रहे।

## दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में कई घायल

### एक की हालत गंभीर

### पांच के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )**। गत दिवस जब लोग ईद मनाने में व्यस्त थे, उस समय नगर के मोहल्ला नायक सराय में दो पक्षों के बीच हुई कहासुनी के बाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष हो गया, जिसमें कई लोग घायल हो गए। त्यौहार की खुशियों के बीच हुए इस विवाद से मोहल्ले में अफरा–तफरी मच गई। नगर के मोहल्ला नायक सराय निवासी कयामुद्दीन व इस्लामुद्दीन के बच्चों के बीच कल शाम 4 बजे कहासुनी व गाली गलौच हो गई, इतने में ही लाठी–डंडे और धारदार हथियार लेकर दोनों पक्ष के महिला–पुरुष आपस में भिड़ गए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। एक पक्ष की ओर से मुस्कान पुत्री कयामुद्दीन ने थानाध्यक्ष अफजलगढ़ को दिए प्रार्थना–पत्र में शहबाज, इस्लामुद्दीन, शादाब, फैसल व रिहान पर गाली गलौच व मारपीट का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की। थानाध्यक्ष अफजलगढ़ विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि मुस्कान की तहरीर पर शहबाज, इस्लामुद्दीन, शादाब, फैसल व रिहान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उधर दूसरे पक्ष की ओर से इस्लामुद्दीन ने बिलाल शब्बू, पप्पू, कम्मू, दिलशाद पुत्रगण कयामुद्दीन एवं मुस्कान, अदीबा व चुनिया पर गाली गलौच, मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इस्लामुद्दीन ने बताया कि इनके विरुद्ध कार्यवाही हेतु सीओ अफजलगढ़ को तहरीर दी गई है।

## नगीना में हजारों लोगों ने ईद-उल-अज़हा नमाज अदा की

**नगीना ( चिंगारी )**। ईदुल–अज़हा का पर्व नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर बढ़ापुर मार्ग स्थित प्रसिद्ध ईदगाह, जामा मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में ईद की नमाज़ अदा की गई। प्रसिद्ध ईदगाह पर हजारों की संख्या में मुसलमानों ने ईद की नमाज अदा की। इस मौके पर ईदगाह व जामा मस्जिद के बाहर विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने स्वागत शिविर लगाकर नमाजियों का स्वागत किया। नगर पालिका की तरफ से लगाए स्वागत शिविर में चेयरपर्सन के पुत्र शेख शाहनवाज खलील ने नमाजियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। सुरक्षा की दृष्टि से ईदगाह पर एसडीएम विजय शंकर मिश्रा, सीओ राजेश कुमार, थाना अध्यक्ष अवनीतमान भारी पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।



ईदगाह के बाहर नमाजियों का स्वागत करते चेयरपर्सन के पुत्र शेख शाहनवाज खलील।

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
सभी जनपदवासियों को ईदुल-अज़हा की हार्दिक शुभकामनाएं
ATHER

इलेक्ट्रिक स्कूटर
के
बादशाह
एथर का शोरूम
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 39वीं पुण्यतिथि मनाई श्रद्धापूर्वक

## प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, रालोद ने शिविर लगाकर 39 यूनिट ब्लड डोनेट किया



बिजनौर (चिंगारी)। देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 39वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनायी गई। इस अवसर पर अनेक कार्यक्रम हुए।

राष्ट्रीय लोकदल द्वारा चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर नुमाइश ग्राउंड स्थित उनके प्रतिमास्थल पर हवन आयोजित किया गया एवं उनकी प्रतिमा पर फूलमालाएं चढ़ाई गईं। हवन पूजन राधेश्याम चिकारा ने संपन्न कराया एवं मुख्य यजमान जिला अध्यक्ष ओमपाल कश्यप रहे। कार्यक्रम के दौरान आशु राणा, नागेंद्र पवार, चौधरी ब्रजवीर सिंह, संजीव चौधरी, सुभाष राणा, राजीव उर्फ बॉबी, नागेंद्र चिकारा, अशोक चौधरी, विनय कुमार, दीपक राणा, जयपाल सिंह, सुमन चौधरी आदि मौजूद रहे। उधर, रालोद जिला कार्यालय पर



रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उदघाटन पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. नीरज चौधरी, जिला अध्यक्ष ओमपाल सिंह व नागेंद्र पवार ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में 39 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राहुल नील को मिलेगी ज्ञानवृत्ति फेलोशिप

## दैनिक जागरण द्वारा देश भर से 3 व्यक्तियों का चयन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** हिन्दी में मौलिक शोध को बढ़ावा देने के लिये दैनिक जागरण अखबार द्वारा ज्ञानवृत्ति की शुरुआत की गई थी। इसके अंतर्गत राजनीति शास्त्र, समाज शास्त्र, अर्थनीति और कूटनीति आदि में हिन्दी में मौलिक शोध के लिये आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। निर्णायक मंडल द्वारा गंभीर मंथन के बाद शोधार्थी का चयन करते हैं। चयनित विषय पर शोधार्थी को कम से कम छह माह और अधिकतम नौ माह के लिये ज्ञानवृत्ति दी जाती है। अंतर्राष्ट्रीय मानकों के मुताबिक हर महीने 75 हजार रुपये मानदेय दिये जाने का प्रावधान है।

बिजनौर जनपद के लिये यह गौरव और सम्मान की बात है कि विदुर की धरती में जन्मे बहुआयामी प्रतिभा के धनी ग्राम मौंहडिया निवासी राहुल चौधरी जिन्हें लेखन व साहित्य के क्षेत्र में राहुल नील के



नाम से जाना जाता है, का चयन दैनिक जागरण ज्ञानवृत्ति के लिये हुआ है।

बता दें कि दैनिक जागरण की प्रतिष्ठित ज्ञानवृत्ति फेलोशिप के लिये देश भर से केवल तीन व्यक्तियों का चयन हुआ, जिनमें राहुल नील का चयन एक बड़ी उपलब्धि है।

### दैनिक जागरण ज्ञानवृत्ति फेलोशिप मिलने पर राहुल नील ने भावुक प्रतिक्रिया दी है -


'कभी-कभी वर्षों की मेहनत एक छोटी-सी खबर बनकर सामने आती है, और आँखें नम कर जाती है। आज ऐसा ही दिन है।

दैनिक जागरण की प्रतिष्ठित 'ज्ञानवृत्ति फेलोशिप' के लिए देशभर से केवल 3 लोगों का चयन हुआ, और इंटरव्यू की लंबी प्रक्रिया के बाद उनमें अपना नाम देखना मेरे लिए सिर्फ एक उपलब्धि नहीं, बल्कि विश्वास की सबसे बड़ी पूंजी है। यह उन सपनों की जीत है जिन्हें अक्सर संसाधनों से नहीं, हौसलों से जिया जाता है। अपने गुरुओं, परिवार, मित्रों और हर उस व्यक्ति का आभार, जिन्होंने मेरी कलम पर भरोसा किया। अब जिम्मेदारी और बढ़ गई है...शब्दों को समाज के काम में लगाने की।

### नाम परिवर्तन सूचना

पहले मेरा नाम सिदरा मरियम (SIDRA MARYAM) था, जो मैंने अब बदलकर मारिया अंबर (MAARIYAH AMBER) रख लिया है। अत: मुझे मारिया अंबर ((MAARIYAH AMBER)) के नाम से जाना-पहचाना व पुकारा जाये।
-मारिया अंबर पुत्री इरशाद अहमद
निवासी मोहल्ला मुनीरगंज, नजीबाबाद
जिला बिजनौर

सभी जनपदवासियों को ईद-उल-अजहा की दिली मुबारकबाद

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं। कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

भली लगे या बुरी ...

## सबने चुप्पी साध रखी!

आज स्थिति यह बनी है कि अश्लीलतम गीतों को लेकर कहीं कोई विरोध नहीं हो रहा है। संस्कृति और नैतिकता के झण्डाबरदार भी चुप्पी साधे हुए हैं। क्यों न हो, जब ऐसे गीतों को प्रमाण-पत्र देने वाले सेंसर बोर्ड ने भी उन्हीं के वैचारिक मित्र तशरीफफरमा हैं। अश्लील गीत खुलेआम सार्वजनिक मंचों पर गाए व सराहे जा रहे हैं और किसी को यह नजर नहीं आ रहा है कि स्त्रियों की अस्मिता को घायल करने में इनकी कितनी बड़ी भूमिका है। दूसरे-तीसरे गीतों में महिलाओं को इस्तेमाल की चीज बताने वाली वही मानसिकता नजर आएगी, जो हनी सिंह के गीतों में नजर आती है। तो क्या सिर्फ हनी सिंह को कठघरे में लाने से हमारे समाज में शुचितापूर्ण और महिलाओं की इज्जत करने वाला माहौल बन पाएगा, जिसकी अपेक्षा आज कुछ लोग कर रहे हैं। कोई शक नहीं कि प्रयोगधर्मिता और खुलेपन की आड़ में हदों को पार करता मनोरंजन जगत समाज और बोलचाल के यथार्थ के नाम पर जो कुछ परोस रहा है, उसके पीछे व्यावसायिकता की सोची-समझी रणनीति है। इस इंडस्ट्री से जुड़े और ऐसे खुलेपन के हामी लोगों का कहना है कि ऐसे गीतों और संवादों के जरिये नई जनरेशन के मस्तमौला अंदाज की जो बानगी फिल्मों में पेश की जा रही है, वह असली है और इसे उन्हीं के बीच से उठाया गया है। कल्पना में दुहरा अर्थ निकाले जाने की गुंजाइशों को छोड़ समाज के अभद्र को सीधे परदे पर दिखा देने की इन कोशिशों का अंजाम क्या निकलेगा, यह अभी बताना मुश्किल है। लेकिन इतना तय है कि यथार्थ के नाम पर सुनाई-दिखाई जा रही इस बदतमीजी में इतना रस नहीं है कि युवा तक इसका अपने ही परिवार के बीच आनंद लेने का दुस्साहस कर पाएं। न ही इसमें वह मासूमियत दिखाई देती है, जिसे युवाओं के खिलंदड़ स्वभाव का हिस्सा माना जाता है। और फिर मनोरंजन के नाम पर यह क्यों जरूरी हो कि समाज में होने वाली उन सारी गतिविधियों को सार्वजनिक मंच पर ले आया जाए? खास तौर से उसे, जिसे समाज अपने लिए अच्छा नहीं मानता? निर्भीक आलोचकों की दलील है कि रचनात्मकता सब कुछ उघाड़ देने में नहीं, थोड़ा-बहुत छिपा लेने में होती है।

# क्या पाकिस्तान अपनी जड़ों की ओर लौट रहा है?

आज का विचार...



▶▶इक़बाल हिन्दुस्तानी

पाकिस्तान में हाल ही में मुख्य रूप से लाहौर (पंजाब) में कई जगहों के नाम बदले गए हैं। ये बदलाव पंजाब सरकार की मुख्यमंत्री मरियम नवाज के नेतृत्व में विभाजन से पूर्व काल के मूल नामों को बहाल करने के लिए किए गए हैं।

मुख्य बदलाव लाहौर में किए गए हैं। जिनमें इस्लामपुरा को कृष्णा नगर, बबरी मस्जिद चौक को जैन मंदिर चौक, मुस्तफाबाद को धर्मपुरा, सुन्नत नगर को संत नगर, रहमान गली को राम गली, हामिद निजामी रोड को टेम्पल स्ट्रीट, निश्तर रोड को ब्रैंड्रेथ रोड, फातिमा जिन्ना रोड को क्वीन्स रोड, अल्लामा इकबाल रोड को जेल रोड किया गया है।

अन्य प्रस्तावित और बदले जाने वाले लक्ष्मी चौक, मोहनलाल बाजार, भगवान पुरा, शांति नगर आदि अभी बाकी हैं, लेकिन इन पर भी शासन को प्रशासन की ओर से प्रस्ताव बनाकर भेजे जा चुके हैं। आशा की जाती है ये भी जल्दी ही पुराने सांस्कृतिक नामों से जाने जाएंगे। कुल मिलाकर 9 से ज्यादा जगहों के नाम पहले ही बदले जा चुके हैं, और 15 से अधिक और नामों को बदलने की योजना विचाराधीन है।

सवाल यह है कि पाकिस्तान जैसे कट्टर इस्लामिक मुल्क में इन जगहों के नाम क्यों बदले गए? दरअसल ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को बहाल करने के लिए ऐसा किया जा रहा है। हिंदुस्तान के बंटवारे के समय सबसे अधिक तकलीफ़ देह विभाजन लाहौर जैसे विश्व प्रसिद्ध महानगर का हुआ था। वहां विभाजन से पहले मुस्लिम, हिंदू, जैन और सिखों की मिली-जुली संस्कृति विकसित हुई थी, लेकिन बंटवारे ने इसको दो टुकड़ों में अलग-अलग कर दिलों को भी विभाजन कर दिया।




लाहौर विभाजन 1947 से पहले कई धर्मों और ब्रिटिश काल की विविधता वाला शहर था। वहां की सरकार ने इस मिली-जुली कल्चर को खत्म करने के लिए कई गैर मुस्लिम नामों को बाद में इस्लामी उर्दू और अरबी नामों से बदल दिया गया था, लेकिन नाम बदलने से पुरानी यादें सभ्यता और परम्पराएं कभी भी कहीं भी खत्म नहीं होती, वे कुछ समय के लिए दब जाती हैं या छिप जाती हैं। बताया जाता है कि पिछले दिनों जो नाम बदले गए हैं वे लाहौर हेरिटेज रिवाइवल प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की यह महत्वाकांक्षी योजना थी, लेकिन अपने सीएम और पीएम रहते वे इसको परवान नहीं चढ़ा सके थे। अब यह अहम और ऐतिहासिक काम उनकी बेटी और पंजाब की पहली महिला सीएम मरियम नवाज़ ने किया है। इसका मकसद पर्यटन को बढ़ावा और शहर की पुरानी पहचान को फिर से जीवंत करने का भी बताया जाता है, लेकिन इसके लिए न केवल प्रांतीय सरकार को अपना दिल बड़ा करना पड़ा है, बल्कि योजना को लागू करने में वहां के कट्टरपंथी भी आड़े आ रहे थे। इतना ही नहीं कई आतंकी और संकीर्ण सोच के संगठनों तो पंजाब सरकार से फिर से वही मुस्लिम नाम रखने की ज़ोरदार मांग भी की है और उनकी बात नहीं माने जाने पर आंदोलन और हिंसक कार्यवाही की धमकी दी है। सरकार का कहना है कि वह कट्टर तत्वों के दबाव में नहीं आयेगी, क्योंकि यह सांस्कृतिक संरक्षण है, न कि कोई राजनीतिक मकसद पूरा करने के लिए की गई व्यक्ति विशेष या पार्टी की कार्यवाही।

पाकिस्तान जैसे कट्टर संकीर्ण और हिंसक गतिविधियों के लिए पहचाने जाने वाले मुल्क में ये क्रांतिकारी उदार और सेक्युलर बदलाव आजकल दुनियाभर में काफी चर्चा में हैं। कुछ लोग इसे अपनी जड़ों की ओर लौटने वाला बड़ा सकारात्मक कदम यानी इतिहास की बहाली मान रहे हैं, तो कुछ विरोधी इसे कुफ्र भारतीय हिंदू संस्कृति को बढ़ावा देने वाला विवादास्पद काम भी बता रहे हैं। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि एशिया में भारत-पाकिस्तान या बंगलादेश कोई भी मुल्क हो, इनकी सभ्यता, संस्कृति और परंपराएं एक ही रही हैं। यह ठीक है कि लोग समय-समय पर धर्म बदलते रहते हैं, लेकिन उनके पुरखों, पूर्वजों और बुजुर्गों की जीवन जीने की शैली वही रहती है, जो हज़ारों साल पहले थी, इसलिए संस्कृति साहित्य और समाज की समृद्ध यादों को साझा विरासत मानकर अपनाया जाना चाहिए जैसा कि पाकिस्तान ने अपनी छवि कट्टर सोच और गैर मुस्लिम तौर तरीकों के विरोध के बावजूद आज सद्बुद्धि आने पर किया है, शायद भारत भी अगर बहुसंख्यक राजनीति के ध्रुवीकरण के दौर से एक दिन निकला तो पाकिस्तान की इस उदार सोच का स्वागत करेगा और अपनी उसी पुरानी उदारता, धर्मनिरपेक्षता और सहिष्णुता को अक्षुण्ण बनाये रखेगा, जो उसने हज़ारों साल से बनाए रखकर दुनिया के सामने बेहतरीन मिसाल पेश की है। शकील जमाली का एक शेर याद आ रहा है-

**पांव में अब कोई ज़ंजीर नहीं डालते हम,**
**दिल जिधर ठीक समझता है उधर जाते हैं।**

# जुम्मन की हार

## (आधुनिक दौर की सत्य कथा)

जुम्मन की मेहनत रंग लाई, बहुत मेहनत और मशक्कत के बाद जुम्मन मियां आखिरकार सरकारी दामाद जो बन गए थे। घर के सब लोग खुशी में मशगूल थे। आस पड़ोस में मिठाईयां बाटी जा रही थीं। जुम्मन को जहां नौकरी पाने की खुशी थी, वहीं अपनी खेती-बाड़ी की फिक्र भी सताये जा रही थी। जुम्मन चाहते थे कि नौकरी पर जाने से पूर्व खेती-बाड़ी किसी को ठेके या बटाई पर दे दी जाए। लल्लन मियां का खेत जुम्मन के बराबर में था। लल्लन मियां जुम्मन के खेत पर पूर्व से ही गिद्ध की तरह नज़र बनाए हुए थे, यानी उसे बटाई पर लेना चाहते थे। जुम्मन की नौकरी के कारण लल्लन को अपना सपना पूरा होता नज़र आया। चालाक लल्लन फौरन मिठाई खाने के बहाने जुम्मन के घर जा धमके और मिठाई खाने के पश्चात फौरन ही जुम्मन मियां से दिल की बात कह डाली। जुम्मन भी बिना न नकुर किए बग़ैर फ़ौरन ही तैयार हो गए।



नियम व शर्तें तय हो गईं और एक सादे कागज़ पर याद-दाशत तहरीर भी लिख दी गई ताकि सनद रहे और भविष्य में काम आए। ईमानदार व्यक्ति थे और जुम्मन की ईमानदारी की दूर-दूर तक चर्चा थी, वो दूसरों पर भी इतना ही यक़ीन किया करते थे। जुम्मन अपनी जमीन लल्लन के हवाले कर दी और अगले दिन बोरिया बिस्तर उठा नौकरी ज्वाइन करने चले गए।

अब लल्लन मियां समयानुसार हर मौसम की फ़सल का हिस्सा जुम्मन के घर पहुंचा दिया करते और इस तरह ये सिलसिला काफ़ी अरसे तक चलता रहा। समय बीतता गया। जुम्मन मियां जब छुट्टी पर घर आते तो अपने खेत की ललहाती फ़सल को देखकर फूले न समाते। अचानक लल्लन मियां ने फसल के हिस्से में पूर्व की भांति काफ़ी कटौती कर दी और जब कटौती का ये सिलसिला लगातार चलता रहा तो जुम्मन ने लल्लन से एक दिन पूछ ही लिया कि भाई लल्लन आखिरकार माजरा क्या है? आप अब पहले की भांति फ़सल का हिस्सा कम क्यों दे रहे हो? क्या फ़सल कम हो रही है?

लल्लन ने कहा- मैंने अपनी ज़मीन की पैमाईश कराई तो पता चला कि मेरी काफ़ी सारी ज़मीन आपके खेत में चली गई है, तो मैंने अपनी ज़मीन आपके खेत से पूरी कर ली है, अब मेरे पास आपकी जितनी ज़मीन है उसी के हिसाब से आपका हिस्सा दे रहा हूं। ये सुनकर जुम्मन के पांव तले की ज़मीन खिसक गई।

अब जुम्मन की नींद हराम हो चुकी थी और उसको रात पहाड़ के जैसी लग रही थी जैसे-तैसे जुम्मन ने करवट बदलते हुए रात काटी और सुबह होते ही तहसील पहुंचकर सारा माजरा वकील को सुनाया। वकील ने केस फाइल कर दिया। मामला संबंधित अधिकारी के समक्ष पेश हुआ। संबंधित अधिकारी ने अपने अधीनस्थ अधिकारी को जांच आख्या प्रस्तुत करने के लिए कहा। अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम मौके पर पहुंची और खेतों की दिखावटी पैमाईश शुरू कर दी, क्योंकि लल्लन मियां जांच टीम को पहले ही मैनेज कर चुके थे। लिहाज़ा जांच टीम ने रिपोर्ट लल्लन के पक्ष में लगाते हुए उच्चाधिकारी के समक्ष पेश कर दी। जांच के आधार पर फ़ैसला लल्लन मियां के पक्ष में किया गया और इस तरह जुम्मन मियां के पड़ोसी प्रेम व पड़ोसी के कर्तव्यों को निभाने के जुनून ने उनके यकीन और ईमानदारी को चकना-चूर कर दिया अर्थात अब जुम्मन की सच्चाई, सत्यनिष्ठा, नेकनीयती के कोई मायने नहीं रह गये थे। अब जुम्मन सोचने पर मजबूर थे कि इस कलयुगी दुनिया में किस पर यक़ीन किया जाये और किसको अपना कहा जाये। ये सोचते हुए जुम्मन अपने घर की ओर बढ़ रहे थे और उनकी आंखों के आसूं उनसे बार-बार ये ही कह रहे थे कि इस कलयुगी दुनिया में जुम्मन नहीं सत्य हारा है।

▶▶डा.अतीक 'दानिश'
स्वतंत्र लेखक एवं सहित्यकार

(नोट : कहानी में सभी नाम काल्पनिक हैं और ये लेखक के अपने विचार हैं)

# पैजनिया पुलिस ने चलाया अभियान कई वाहनों का किया चालान

**खासपुरा ( चिंगारी )।** पैजनिया पुलिस चौकी पर ईद के दिन कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए देर शाम तक विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व चौकी प्रभारी कमलेश यादव ने किया। अभियान के तहत चौकी के सामने से गुजरने वाले दोपहिया वाहनों को रोककर हेलमेट और अन्य सुरक्षा मानकों की गहन जांच की गई।

चौकी प्रभारी कमलेश यादव ने बताया कि ईद जैसे त्यौहारों पर कुछ युवा सड़क पर स्टंटबाजी करते हैं। इससे न केवल उनकी जान को खतरा होता है, बल्कि आम लोगों की सुरक्षा भी प्रभावित होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया गया, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोका जा सके और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे। कमलेश यादव ने साफ किया कि पुलिस का उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। साथ ही, लोगों को यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित तरीके से वाहन चलाने के लिए जागरूक भी किया गया।




# प्रतिभा को तराशते हैं शिक्षक: केसी मठपाल

## वालिया ग्लोबल के टॉपर बच्चों को सम्मानित किया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** वालिया ग्लोबल एकेडमी में सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षा की दसवीं एवं बारहवीं कक्षा के 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विशिष्ट अतिथि रमा जैन कॉलेज के डायरेक्टर केसी मठपाल व विद्यालय के प्रबन्धक कमलकांत वालिया व मैनेजर रमाकांत वालिया के द्वारा सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि व विद्यालय के प्रबंधक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के टॉपर तल्हा जफर, सक्षम शर्मा, याशिका राजपूत, तन्मय कुमार, प्रबल सिसौदिया, गौरवी बजाज, अक्षत तोमर, कुमारी दिव्या, तनु अहलावत आदि को ट्रॉफी, प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि ने अपने सम्बोधन में विद्यार्थियों को निरन्तर परिश्रम, अनुशासन एवं लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। इसी अवसर पर अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता सिवाच ने विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावक के सहयोग व बच्चों की लगन की सराहना करते हुए कहा कि निरंतर प्रयास व आत्म विश्वास से ही सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। अभिभावकों ने भी विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका राशि शुक्ला के साथ छात्रा असना रहमान व आयशा ने किया।




# एकादशी के पावन पर्व पर ठंडे शर्बत का वितरण

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** रायपुर मार्ग स्थित वरिष्ठ भाजपा नेता अजय माहेश्वरी के प्रतिष्ठान पर एकादशी के पावन पर्व व ज्येष्ठ मास की भीषण गर्मी पर राहगीरों को राहत देने के लिए लगाए गए शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने शर्बत पीकर अपनी प्यास बुझाई। इस मौके पर प्रतिष्ठान के सामने से गुजरने वाले हर राहगीर, रिक्शा चालक, राह चलते श्रद्धालुओं को रोककर पूरे आदर के साथ ठंडा शर्बत पिलाया गया। शरबत वितरण कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों व स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वरिष्ठ भाजपा नेता अजय माहेश्वरी ने कहा कि सनातन धर्म में एकादशी के पावन अवसर पर जल व शर्बत पिलाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य माना गया है। इस अवसर पर संगीता माहेश्वरी, दिव्य कृष्ण माहेश्वरी, अर्पिता माहेश्वरी, डीपी सिंह, प्रीतम, राहुल, अनिल कुमार, जॉनी, तारे सिंह, वीरेंद्र कुमार, रामअवतार आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# जय भगवान लाइन हाजिर

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने हीमपुर दीपा थाना प्रभारी निरीक्षक जय भगवान सिंह को एक मुकदमे में लापरवाही बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया। पुलिस कप्तान की इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है।

बताया जा रहा है कि संबंधित एक मुकदमे में अपेक्षित कार्रवाई समय पर नहीं होने तथा मामले में गंभीरता न दिखाने की शिकायतें उन तक पहुंची थीं। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने कड़ा रुख अपनाया और थाना प्रभारी जय भगवान सिंह को लाइन हाजिर करने के आदेश दिए।

वहीं पुलिस लाइन में तैनात सत्येंद्र सिंह को नया थाना प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। देर शाम उन्होंने थाना हीमपुर दीपा पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया। नवागत थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी तथा जनता की शिकायतों का निष्पक्ष और त्वरित निस्तारण कराया जाएगा।

# जल जीवन मिशन ने राहगीरों व श्रमिकों को ठंडा जल वितरित किया



**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत कंपनी के वरिष्ठ महाप्रबंधक विजेंद्र कौशिक के निर्देशानुसार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भीषण गर्मी में लोगों को राहत दिलाना था। जल जीवन मिशन के तहत राहगीरों व श्रमिकों को ठंडा जल वितरित किया गया। विंध्या टेलीलिंक द्वारा जनहित व सामाजिक सरोकारों की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए भीषण गर्मी के बीच राहगीरों, मजदूरों व श्रमिकों के लिए ठंडा जल वितरण किया गया। वरिष्ठ महाप्रबंधक विजेंद्र कौशिक ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। वरिष्ठ महाप्रबंधक संजय हांडू ने कहा कि भीषण गर्मी आज एक गंभीर चुनौती बन चुकी है। कार्यक्रम में प्रबंधक कौशल सिंह, दीपक डौंडियाल, अजय सिंह, सुनील कुमार, कृष्णानंद नैनवाल, अजय सिंह, करन यादव, संजय कुमार, शिवम कुमार, महेश कुमार, गुलसेफ, नरपाल सिंह, नीरज कुमार सहित साइट इंजीनियरिंग टीम के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**बाबू ईश्वरी प्रसाद रावल मैमोरियल ( पी.जी. ) कॉलेज शहजादपुर ( बिजनौर )**

**( स्ववित्तपोषित संस्था )**

**आवश्यकता है**

रसायनशास्त्र विज्ञान तथा समाजशास्त्र विषय के स्नातकोत्तर शिक्षण कार्य हेतु यूजीसी मानकानुसार एक-एक योग्य शिक्षक की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी अविलम्ब शैक्षिक योग्यता सम्बंधी प्रपत्र महाविद्यालय के प्राचार्य को उपलब्ध कराएं।

**प्राचार्य**

**मो. 9084844953, 8958163090**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**

**केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3 कालागढ़**

**निविदा सूचना संख्या-25/ई.ई./के.भ.ख.-3/2026-27**

पत्रांक : 1191/के.भ.ख.-3/निविदा दिनांक : 21/05/2026

महामहिम राज्यपाल महोदया, उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबंद पृथक-पृथक निविदाएं उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से दिनांक 15-06-2026 को अपराह्न 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है । प्राप्त निविदाएं दिनांक 15-06-2026 को प्रमुख अभियन्ता (सज्जा एवं सामग्री प्रबंध), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ.प्र., लखनऊ द्वारा गठित समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अपराह्न 3:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, कालागढ़ के कार्यालय में खोली जायेंगी । निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति होने पर निविदा खुलने के समय में कोई भी परिवर्तन किया जाना सम्भव नहीं होगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में यह निविदा अगले कार्यदिवस में निर्धारित समय पर खोली जायेंगी। निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनाँक 30-05-2026 पूर्वाह्न 10:00 बजे से दिनाँक 14-06-2026 अपराह्न 4:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित मूल्य भुगतान कर प्राप्त की जा सकती है। धरोहर धनराशि, एन.एस.सी./राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. अथवा नियमानुसार अनुमन्य अन्य प्रतिभूति के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3 के पक्ष में बन्धक होगी, जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नही की जायेगी। कार्यों के सम्बन्ध में विशेष शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध करायी जायेंगी ।

| क्र.स. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (जी.एस.टी. रहित) (लाख रू. में) | धरोहर राशि (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नई दिल्ली स्थित यमुनोत्री गेस्ट हाउस परिसर की झील में पानी के शुद्धिकरण हेतु नोवल बायो डिसइन्फेक्टेन्ट डालने का कार्य। | 6.62 | 13,500.00 | 90 दिवस | 225.00 + 18% जी.एस.टी. (500 रू. स्टेशनरी चार्ज) | 'ए' श्रेणी यॉत्रिक/विदयुत सिंचाई विभाग |

यह निविदा सूचना वैबसाइट http://upgov.up.nic.in तथा सिंचाई विभाग की वैबसाइट http://idup.gov.in पर उपलब्ध है । निविदा प्रपत्र इच्छुक ठेकेदार अथवा फर्म/ठेकेदार द्वारा) 1 (पंजीकरण प्रमाण-पत्र ,(2) जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण-पत्र) I.D.T.-1),(3) हैसियत प्रमाण पत्र) I.D.T.-2),( (4स्वघोषणा प्रमाण-पत्र) I.D.T.-3),(5) जी.एस.टी . रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र की छायाप्रति एवं फर्म/ठेकेदार द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति को फोटोयुक्त अधिकार-पत्र जिसमें प्रतिनिधि का हस्ताक्षर प्रमाणित किया हुआ हो ,अधिशासी अभियन्ता ,केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3 ,कालागढ़ के कार्यालय में निर्धारित अवधि में उपरोक्त शुल्क सहित जमा करने के उपरान्त प्राप्त किये जा सकते हैं । निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी अधिशासी अभियन्ता ,केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3 ,कालागढ़ के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है ।

R.O.No.251860 Date: 27-05-2026
UPID.www.upgov.nic.in

(मनोज कुमार गौड़)
अधिशासी अभियन्ता
केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3,कालागढ

# सुरक्षित फ़ैसलों में देरी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## सभी हाईकोर्ट को तीन महीने में निर्णय सुनाने का निर्देश

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षित मामलों में फैसले सुनाने में होने वाली देरी पर कड़ा रुख अपनाते हुए देश के सभी हाईकोर्टों के लिए विस्तृत और बाध्यकारी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया है कि जिन मामलों में फैसला सुरक्षित रख लिया जाता है, उनमें यथासंभव तीन महीने के भीतर निर्णय सुनाया जाना चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने कहा कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़े मामलों, विशेषकर नियमित जमानत और अग्रिम जमानत याचिकाओं में विशेष तत्परता बरती जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, जमानत याचिकाओं पर आदेश उसी दिन सुनाया और अपलोड किया जाना चाहिए। यदि फैसला सुरक्षित रखा जाता है तो उसे अगले दिन सुनाना अनिवार्य होगा।

शीर्ष अदालत ने यह फैसला झारखंड हाईकोर्ट में लंबित कुछ आपराधिक अपीलों की सुनवाई के दौरान दिया। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि उनकी अपीलों पर सुनवाई पूरी होने के बावजूद दो से तीन साल तक फैसला नहीं सुनाया गया, जिससे उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ।



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्याय में देरी, न्याय से वंचित करने के समान है। इसलिए सभी हाईकोर्ट को समयबद्ध तरीके से फैसले सुनाने और उन्हें सार्वजनिक करने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने सभी हाईकोर्टों के रजिस्ट्रार जनरल को निर्देश दिया है कि इन दिशा-निर्देशों को लागू करने के लिए आवश्यक नियमों और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में जल्द संशोधन किए जाएं।

अदालत ने स्पष्ट किया कि ये निर्देश न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने और लंबित मामलों के बोझ को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। दिशा-निर्देश जारी करते हुए मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने स्पष्ट किया कि इन निर्देशों का उद्देश्य किसी न्यायाधीश या अदालत की आलोचना करना नहीं है।

### सुप्रीम कोर्ट की बड़ी बातें

आरक्षित मामलों में कारणयुक्त फैसला तीन महीने के भीतर सुनाने का प्रयास किया जाए।
जमानत और अग्रिम जमानत से जुड़े मामलों को प्राथमिकता दी जाए।
जमानत याचिकाओं पर आदेश उसी दिन या अधिकतम अगले दिन सुनाया जाए।
जमानत मिलने पर आदेश तुरंत जेल प्रशासन को भेजा जाए ताकि रिहाई में देरी न हो।
खुले न्यायालय में सुनाए गए फैसलों को 24 घंटे के भीतर वेबसाइट पर अपलोड किया जाए। यदि केवल ऑपरेटिव आदेश सुनाया गया है तो विस्तृत फैसला 15 दिनों के भीतर अपलोड करना होगा। तीन महीने तक फैसला नहीं आने पर मामला मुख्य न्यायाधीश के संज्ञान में लाया जाएगा।

# उत्तर प्रदेश में भाजपा ने पांच नये जिलाध्यक्ष नियुक्त किए

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) उत्तर प्रदेश ने संगठनात्मक मजबूती के लिए पांच जिलों में नये जिलाध्यक्षों की घोषणा कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी द्वारा गुरुवार को जारी सूची में अवध, काशी और गोरखपुर क्षेत्र के जिलों को प्रतिनिधित्व मिला है। सूची के अनुसार, अंबेडकर नगर का दायित्व दिलीप देव पटेल को सौंपा गया है। काशी क्षेत्र में वाराणसी के जिलाध्यक्ष राम सकल पटेल और चंदौली के जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह बनाए गए हैं। वहीं गोरखपुर क्षेत्र में गोरखपुर महानगर की कमान रमेश प्रसाद गुप्ता और देवरिया की जिम्मेदारी काली प्रसाद को दी गई है। पार्टी की ओर से जारी पत्र की प्रतिलिपि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, राष्ट्रीय संगठन मंत्री बी.एल. संतोष और प्रदेश महामंत्री ( संगठन ) धर्मपाल सिंह को भेजी गई है। माना जा रहा है कि नये जिलाध्यक्षों की नियुक्ति से जमीनी स्तर पर संगठन को और सक्रिय करने में मदद मिलेगी।

# भाजपा ने दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और त्रिपुरा के अध्यक्ष बदले



**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) ने गुरुवार को दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और त्रिपुरा के नये अध्यक्षों की घोषणा करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा को पार्टी की दिल्ली इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं, डॉ. अर्चना गुप्ता को पार्टी की हरियाणा इकाई की जिम्मेदारी सौंपी है। इसके साथ ही भाजपा ने श्री केवल सिंह ढिल्लो को पार्टी की पंजाब इकाई का अध्यक्ष बनाया है और श्री अभिषेक देबरॉय को त्रिपुरा प्रदेश भाजपा का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने गुरुवार को विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण सिंह ने श्री मल्होत्रा को दिल्ली, डॉ. गुप्ता को हरियाणा, श्री ढिल्लो को पंजाब और श्री देबरॉय को त्रिपुरा प्रदेश भाजपा का अध्यक्ष नियुक्त किया है। ये नियुक्तियां तत्काल रूप से प्रभावी होंगी। श्री मल्होत्रा मौजूदा समय में कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय में राज्यमंत्री हैं। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के रूप में पूर्वी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की थी, वह वर्ष 2015 से 2016 के दौरान पूर्वी दिल्ली नगर निगम के महापौर भी रह चुके हैं। पार्षद रहते हुए उन्होंने सरकारी स्कूलों में कुपोषण के खिलाफ सफल अभियान चलाया था। श्री मल्होत्रा श्री वीरेंद्र सचदेवा की जगह दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष बने हैं। श्री मोहनलाल बड़ौली के स्थान पर हरियाणा भाजपा की अध्यक्ष बनीं डॉ. गुप्ता इससे पहले हरियाणा प्रदेश भाजपा की महामंत्री के रूप में कार्य कर रही थीं। इसके अलावा वह पानीपत जिले की जिलाध्यक्ष भी रह चुकी हैं। वह पेशे से एक डॉक्टर हैं और रेडियोलॉजी में गोल्ड मेडल हासिल कर चुकी हैं। पंजाब प्रदेश भाजपा के नये अध्यक्ष श्री ढिल्लो पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के बेहद करीबी माने जाते हैं। श्री ढिल्लो भाजपा में शामिल होने से पहले लंबे समय तक कांग्रेस में रह चुके हैं तथा पंजाब प्रदेश कांग्रेस समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। वह साल 2007 से 2017 तक बरनाला विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर लगातार दो बार विधायक निर्वाचित हुए। श्री ढिल्लो ने जून 2022 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया था।

# ज़िला अस्पताल में बढ़ाई गईं मरीजों-तीमारदारों की सुविधाएं

## प्राचार्य डा.तुहिन के निर्देश पर उठाये गये सराहनीय क़दम

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भीषण गर्मी को देखते हुए मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने मरीजों और तीमारदारों को राहत देने के लिए अस्पताल में व्यापक इंतजाम किए हैं। प्राचार्य डॉ. तुहीन वशिष्ठ के निर्देश पर विभिन्न वार्डों और ओपीडी में कूलर एवं वॉल फैन लगवाए गए हैं।

अस्पताल प्रशासन के अनुसार सर्जरी वार्ड में चार, मेडिसिन वार्ड में 10, इमरजेंसी में दो, टीबी एवं छाती रोग विभाग की ओपीडी में एक, पैथोलॉजी विभाग में एक तथा ओपीडी पंजीकरण परिसर में दो कूलर लगाए गए हैं। इसके अलावा अस्पताल परिसर में ओपीडी सहित अन्य स्थानों पर 12 वॉल फैन भी लगाए गए हैं। अस्पताल मैनेजर निखिल सक्सेना ने बताया कि मरीजों की सुविधा और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। गर्मी के मौसम में इन व्यवस्थाओं से मरीजों और उनके तीमारदारों को काफी राहत मिलेगी। प्राचार्य डॉ. तुहीन वशिष्ठ ने कहा कि मरीजों के हित सर्वोपरि हैं और मेडिकल कॉलेज प्रशासन हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।





# चौधरी साहब की पुण्यतिथि पर हुआ हवन



चांदपुर ( चिंगारी )। भारत रत्न भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 39 वीं पुण्यतिथि पर नूरपुर रोड स्थित चौधरी साहब की प्रतिमा स्थल पर हवन किया, जिसमें मुख्य यजमान युवा रालोद के पूर्व जिलाध्यक्ष हनी तोमर रहे। इस अवसर पर हनी तोमर ने कहा कि चौधरी साहब ने जीवन पर्यन्त गरीबो, किसानों, मजदूरों, अल्पसंख्यको व लंबे कुचलें लोगों की मदद की। चौधरी साहब को जब जब राजनीति में ताकत मिली उन्होंने लोगों को लाभ पहुंचाने का काम किया।

इस अवसर पर डॉ खूब सिंह, जिला उपाध्यक्ष पीतम सिंह, चौधरी पृथ्वी सिंह, मयंक चौधरी, वीरेन्द्र सिंह, देवेंद्र सिंह, सरदार सिंह, जगत सिंह, डॉ सत्येंद्र शर्मा, मास्टर चंद्रपाल सिंह, मुंशी राम, भारत सिंह प्रधान, सोमपाल सिंह प्रधान धूम सिंह, दयाराम सिंह, कृष्णा चौधरी, निकुल छिल्लर, शिवम अहलावत, संसार सिंह, सनी चौधरी, चेतन, लोकेंद्र , नरेंद्र सिंह (कल्लू), सुनील कुमार, भूपेंद्र सिंह, अरविंद त्यागी, रविन्द्र सिंह, दया वीर प्रजापति, जवर सिंह, मास्टर बुध सिंह, राहुल ढाका, नितिन देशवाल, रामेंद्र सिंह, यशवीर सिंह, सोमपाल सिंह, रोहतास सिंह , भारत सिंह, हर्ष छिल्लर कुलदीप प्रजापति, शिवम प्रजापति आदि उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर डा सत्येन्द्र कुमार शर्मा, डा एम पी सिंह आदि ने भी प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर चौधरी साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# विवेक सेन ने धामपुर, स्योहारा, शेरकोट ईदगाह पहुंचकर नमाजियों को दी ईद की मुबारकबाद



धामपुर ( चिंगारी )। ईद-उल-अजहा के पावन अवसर पर सांसद चंद्रशेखर के प्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सदस्य विवेक सेन ने धामपुर विधानसभा क्षेत्र के धामपुर, शेरकोट तथा स्योहारा में ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान ईदगाह के बाहर विशेष कैंप लगाए गए, जहां बड़ी संख्या में नमाजी पहुंचे और एक-दूसरे को ईद की शुभकामनाएं दीं। धामपुर ईदगाह पर विवेक सेन ने नमाजियों से मुलाकात कर भाईचारे, सौहार्द और आपसी प्रेम का संदेश दिया। उन्होंने आम जनता के साथ शहर इमाम से भी मुलाकात की और ईद की बधाई दी। ईदगाह परिसर में लोगों का उत्साह देखने लायक था तथा बड़ी संख्या में लोगों ने कैंप पर पहुंचकर शुभकामनाएं साझा कीं। इस अवसर पर लवली कुमार, परवेदर कुमार, मोनू कुमार, कुलदीप कुमार, अतुल कुमार, रफीक मंसूरी, अदनान एडवोकेट, अंकित गुर्जर, बंटी कुमार, रियाज अकबर, फ़ैज़ सिद्दीकी, माजिद अंसारी, सलमान मलिक, जीशान खान, मोहम्मद फहीम, मोहम्मद नौशाद, मुंशी नसीम नगर अध्यक्ष धामपुर नजर नवाज नगर अध्यक्ष शेरकोट कामिल चौधरी नगर अध्यक्ष स्योहारा राकेश कुमार शादाब अहमद उर्फ पप्पू शहजाद भाई, मोहम्मद समीर सिद्दीकी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# सात दिवसीय समर कैम्प का समापन



चांदपुर ( चिंगारी )। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में चल रहे 7 दिवसीय समर कैंप के समापन पर छात्र छात्राओं ने विभिन्न एक्टिविटी में बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। प्रथम सत्र में छात्रों ने योग व व्यायाम किया। समर कैम्प में छात्रो ने हिंदी व इंगिलश डिबेट, आर्ट और क्राफ्ट, मूर्तिकला, योग अभ्यास, कंप्यूटर प्रशिक्षण, कुकिंग, डांस, मेहंदी, संगीत, वैदिक गणित, स्पोर्टस आदि एक्टिविटी में बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर श्रीमती उर्वशी कर्णवाल ने कहा कि समर कैंप से व्यवहारिक ज्ञान व सकारात्मक दृष्टिकोण में वृद्धि होती है। उन्होंने कविता के माध्यम से जल ही जीवन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल सभी प्राणियों के जीवन का मूल आधार है, इसे बचाना नितांत आवश्यक है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नवनीत कुमार, भाजपा नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, अवनीश त्यागी, सौरभ राणा,डॉ. मुदित वैश्य,अमित गुप्ता, कामेश्वर प्रसाद शर्मा,राजेंद्र त्यागी, आशु गोयल, कुलदीप सिंह एडवोकेट, गौरव अग्रवाल,अंकुर तोमर ,रजनीश कुमार ,मोहित त्यागी, आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पारूल त्यागी ने किया।


ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी



# अलविदा डा. बशीर बद्र!

## बिखरता फूल हूं, मुझको हवा से चोट लगती है...

-फ़ाखिर अदीब



**कभी सावन में भी शादाब बेलें सूख जाती हैं।**
**हरे पेड़ों के गिरने का कोई मौसम नहीं होता।।**

डा. बशीर बद्र ने ये शेर अपनी पहली शरीके हयात (पत्नी) के अचानक इंतेकाल पर कहा था। इसके बरअक्स (विपरीत) जुमेरात 28 मई को 91 वर्ष की उम्र में उन्होंने दुनिया को अलविदा कहा। पिछले लगभग 20 बरस से डा. साहब इमीनिर्शिया नाम के मरज का शिकार थे। जिसमें इंसान का दिमाग से रिश्ता बीच-बीच में टूटता रहता है। अपनी जदीद शायरी (नयापन) के हवाले से अदबी माहिरीन ने उन्हें जदीद शायरी का 'एशिया का इमाम' कहा है।

पूत के पांव पालने में नज़र आ जाते हैं। ये मिसाल भी इस बाक़ए से साबित होती है कि जब बशीर बद्र ए.एम.यू में एम.ए. उर्दू का पेपर दे रहे थे तो पेपर में उनकी खुद की ग़ज़ल आई थी।

**मौहब्बत से, नजाकत से अदा से चोट लगती है**
**बिखरता फूल हूं मुझको हवा से चोट लगती है**

बशीर बद्र की शायरी में समाजी कड़वाहटो की शिकायत मिलती है।

**उम्र बीत जाती है एक घर बनाने में**
**तुम तरस नहीं खाते बस्तियां जलाने में।**

तकरीबन 18 से 20 बरस तक मेरा उनका खूब साथ रहा। मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश के बेशुमार मुशायरों में मैंने उनके साथ स्टेज शेयर किया। मैंने हमेशा उन्हें अपने छोटों के लिए अपनाइयत से भरा महसूस किया। बशीर बद्र को शायरी के साथ-साथ अदबी और साहित्यिक क़द्रों पर निछावर पाया।

2003 में एक मुशायरा ललितपुर में था। मुशायरे की शुरूआत में भोपाल का एक नौजवान ग़ज़ल पढ़ रहा था। तभी स्टेज पर डीएम, कमिश्नर कुछ नेता आये फौरन कन्वीनर ने उस शायर को माइक से हटाकर कुछ बोलना चाहा.... तभी बशीर बद्र उठे और उन्होंने कन्वीनर को हटाते हुए माइक से कहा ये सिर्फ इस शायर की नहीं, हम सबकी बेहुरमती है। इस वक्त इस शायर से बड़ा कोई नहीं, हां जब ये पढ़ के हट जाए तब बेशक आप तमाम अधिकारियों का स्वागत करें। स्टेज पर बैठे



सब शायर राहत इन्दौरी, वाली आसी, रईस अंसारी, अनवर जलालपुरी सबने बशीर बद्र के इस अमल को सराहा। बशीर बद्र के वो अश्आर जो उनकी पहचान बने और उन्हें भीड़ से अलग माना।

**फूल सी उंगलियां कंघिया बन गई**
**उलझे बालों से माथा ढका देखकर**

उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो
न जाने किस गली में जिंदगी की शाम हो जाए

**वो उनके अश्क मेरी चश्मेत्तर में रहता है**
**अजीब शख्स है पानी के घर में रहता है**

बड़े लोगों से मिलने में जरा-सा फ़ासला रखना
समुन्दर से मिले दरिया तो फिर दरिया नहीं रहता

**मैं दुश्मनों का बड़ा अहतराम करता हूं**
**यही तो हैं जो मेरी शख्सियत संवारते हैं।**

परखना मत परखने में कोई अपना नहीं रहता
किसी भी आइने में देर तक चेहरा नहीं रहता

डा. बशीर बद्र एक शख्स नहीं शख्सियत थे, शायर ही नहीं चलती फिरती अंजुमन थे। बिजनौर कई मर्तबा आये।

### बशीर बद्र के लिए दीवानगी-

लगभग 20 या 21 साल पहले की बात है। मैं मुम्बई में था। सागर त्रिपाठी मुम्बई के बड़े शायर हमारे दोस्त उनका फोन आया, बशीर बद्र साहब याद कर रहे हैं... हां किसी शायर से झगड़ा हुआ है। फ्लाइट पकड़कर भोपाल से मुम्बई आ गए हैं। अगले दिन से उनके लिए जो महफिलें सजायी गई। लगातार पांच दिन मैंने उनकी महफिलों की निजामत की तो पाया कि इन्डस्ट्री से लेकर खेल जगत की बड़ी-बड़ी हस्तियां उनके चारों तरफ घूमती रही। उस दिन अंदाजा हुआ कि बशीर बद्र किन अजमतों के शायर थे। आखीर में उनका ये शेर.....ह्यह्य

**मुसाफ़िर हो तुम भी मुसाफ़िर है हम भी**
**किसी मोड़ पर फिर मुलाकात होगी।।**

## .. न जाने किस गली में जिंदगी की शाम हो जाये

**उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो..**
**न जाने किस गली में जिंदगी की शाम हो जाये**

उर्दू जुबान का वो शायर जिसने अपने लफ्जों में वास्तविक जिंदगी को आम इन्सान तक पहुंचाया, जिनका नाम है डॉ. बशीर बद्र। जी हां वो शायर जिन्हें उर्दू साहित्य के अनुपम योगदान में 1999 में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कल उन्होंने अंतिम जीवन यात्रा पूरी की।

**मोहब्बत एक खुशबू है, हमेशा साथ चलती है**
**कोई इंसान तन्हाई में भी तन्हा नहीं रहता।**

वास्तव में अगर इंसान में मोहब्बत है तो वो इंसान अकेला होने पर भी उनको अकेलेपन का अहसास नहीं होता। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में उर्दू विभाग में प्राध्यापक रहे डॉ. बशीर बद्र जिन्होंने समस्त संसार को सच्चाई का बखान किया।

**कोई हाथ भी न मिलायेगा, जो गले मिलते हो तपाक से।**
**ये नये मिजाज का शहर है, जरा फांसले से मिला करो।।**

उनका जन्म उ.प्र. के कानपुर शहर में 15 फरवरी 1936 को हुआ। मेरठ शहर में हुए दंगो में उनके मकान को दंगाइयों ने आग के हवाले कर दिया। तब उनके मन में बहुत पीड़ा हुई।

**लोग टूट जाते हैं एक घर बनाने में**
**तुम तरस नहीं खाते बस्तियां जलाने में।**

अगर देखा जाये तो उनकी शेरो शायरी एक आम भाषा की जुबानी रही। उनके शेर अब भी लोगों की जुबानों पर पढ़े जाते हैं।

हर धड़कते पत्थर को तुम, दिल समझ बैठे हो।



उम्र बीत जाती है दिल को दिल बनाने में।

इस महान शख्स को मेरी ओर से श्रद्धांजलि अर्पित । उनको कोटि-कोटि नमन है।

**-महेंद्र कुमार शर्मा**
**हल्दौर ( बिजनौर )**

# एक सादगी पसंद प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह

मैं अपने को इस बारे में सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे अपनी जिंदगी में 2-3 बार स्व. चौधरी चरण सिंह के विचार आमने-सामने बैठकर जानने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। एक बार जब लोकसभा के लिये वह तथा एक अन्य महफूज अली खां उर्फ प्यारे मियां चुनकर आये थे मैं टेलीविजन देख रहा था। उस समय ब्लैक एण्ड व्हाइट टेलीविजन हुआ करते थे। रंगीन टेलीविजन का जमाना नहीं था, उसमें जब मैंने स्व. चरण सिंह जी को यह कहते सुना कि मैं और महफूज अली खां क्या कर पायेंगे। मुझे वह दृश्य अभी तक याद है। अगले दिन मैंने उन्हें रजिस्टर्ड पत्र द्वारा एक पत्र लिखा था, आप अकेले नहीं हैं हजारों आपके अनुयायी हैं। मैंने उन्हें लिखा था कि आप दिल्ली में रहेंगे मैं ग्राम पीपलीजट, जहां मैंने विगत 58 साल चिकित्सा कार्य किया, आपके समर्थन में रहूंगा।

उनका पत्र आया। उन्होंने कहा आप लोकदल में शामिल हो जाइये। मैंने लोकदल ज्वाइन कर ली। चांदपुर रामलीला मैदान में विधानसभा चुनाव में आये थे। मंच पर जब तक पूरी तैयारी नहीं हो पाई थी समय का वह बहुत ध्यान रखते थे। मैंने जीवन में अनेक राजनेताओं की सभाएं देखी हैं पर समय पर आना केवल उस महान नेता में ही देखा। वह गुण शायद आज के नेताओं में दूर-दूर तक नहीं है। मंच पर केवल 3 व्यक्ति ही थे मैं, डा. सुभाष एवं स्व. चौधरी चरण सिंह। मैंने उनसे मंच पर कहा मैं जाति से ब्राह्मण हूं, पर आपके साथ हूं। कुछ विशेष गुण उस महान मानव में थे, जिसके कारण मैं उन्हें अत्यधिक सम्मान देता रहा हूं। मैं दिल्ली भी उनसे मिलने 2-3 बार गया। एक बार चांदपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक का टिकट लेने गया था। उस महान व्यक्ति को हर विधानसभा में कितना वोट है, कंठस्थ याद था। काफी उम्र होने के बाद भी बहुत कम लोगों की याददाश्त उतनी रहती है।



चौधरी साहब में यूं तो न जाने कितनी विशेषताएं थीं, वह जो भी बात कहते थे साफगोई और ईमानदारी से कहते थे। भले ही उस बात का ताल्लुक दूसरे देशों से ही क्यों न हो, उनके अन्दर कोई दुराव या छिपाव नहीं था और ना ही उनकी बात के दो अर्थ हुआ करते थे। चौधरी साहब की जो सबसे बड़ी विशेषता थी, वह उनकी देशभक्ति थी, वह चाहे वैदेशिक मामलों के बारे में हो या देश के अंदरूनी मामलों में सबमें उनकी देशभक्ति की झलक हमेशा मिलती थी। उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी जिस सादगी से जी उसकी मिसाल मिलनी मुश्किल है। एक मुल्क का प्राइम मिनिस्टर इतनी सादगी से भी रह सकता है, एक छोटे से कमरे में जमीन पर बिछी दरी पर तकिये के सहारे डेस्क के सामने बैठकर देश के हर मसलों को सुलझाना।

चौधरी साहब आर्य समाज से प्रभावित थे, इसलिये कई बार उनकी बातें ऐसी होती थीं, जिससे लोग उन्हें साम्प्रदायिक समझ बैठते थे वह साफ-साफ बात करते थे। उन्होंने कभी भी इस बात को नहीं छिपाया कि उनके मन में सरदार वल्लभ भाई पटेल के लिये, जवाहर लाल नेहरू से ज्यादा आदर था। उनका कहना था कि यदि सरदार वल्लभ भाई देश के पहले प्रधानमंत्री बनते तो देश की यह दुर्गति नहीं होती। अंतर्जातीय विवाह के ऊपर खूब खुलकर चर्चा ही नहीं करते थे, बस उसके महत्व पर जोर देते थे, वह अपने बेटे और बेटियों के भी अंतर्जातीय विवाह के पक्ष में थे। विडम्बना देखिय ऐसे व्यक्ति जिसमें मन में जातिवाद समाप्त करने की इतनी गहरी आकांक्षा थी, उसे निहित स्वार्थी तत्व और कुछ समाचार-पत्र उन्हें जातिवादी कहने में भी थके नहीं।



**-डा. सत्येन्द्र कुमार शर्मा**
**चांदपुर, मो. 9319655296**

# 16 के बजाए 10 घंटे बिजली आ रही, किसानों की सिंचाई नहीं हो पा रही

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने नलकूपों पर 16 घंटे बिजली की मांग की है। ग्राम जटपुरा बोंडा, गूढ़ा, नियामतपुर के सैकड़ो किसान भागूवाला बिजलीघर पर निर्भर है, किसानों का आरोप है कि नलकूपों पर 10 घंटे बिजली आपूर्ति मिलती है, जिसमें लो वोल्टेज व ट्रिपिंग की समस्या बनी रहती है, यह खेती के लिए पर्याप्त नहीं है। किसानों के खेतों में खड़ी फसल सूखने के कगार पर है। किसानों संजीव कुमार, राजेंद्र सिंह, ओंकार सिंह, लोकेंद्र सिंह, तेजपाल सिंह, नरेंद्र सिंह, जयप्रकाश आदि ने बताया कि इन तीनों गांव में नलकूपों के अलावा कोई सिंचाई का साधन नहीं है, इन तीनों गांव में नहर के रजवाहे भी नहीं है, सिर्फ भागूवाला विद्युत सप्लाई पर निर्भर है। गर्म हवा व तेज धूप के चलते खेतों में खडी गन्ना, चारा, मक्का व मूंग की फसलों को सिंचाई की आवश्यकता है। किसान रात दिन मेहनत करके अपने खेतों में फसल उगाते है। वाटर लेवल कम होने के कारण नलकूप आधा ही पानी दे पा रहे हैं। किसानों ने बताया तेज हवा के कारण विद्युत सप्लाई बंद हो जाती है। भागूवाला बिजलीघर के जेई नितिन कुमार का कहना है कि रोस्टर के अनुसार किसानों के नलकूपों को प्रतिदिन 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जा रही है।

## तेज हवाएं चलने से बिजली आपूर्ति बाधित, ओवरलोडिंग से ट्रिपिंग

नजीबाबाद (चिंगारी)। बीती रात तेज हवा चलने से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। साथ ही ओवरलोड के चलते ट्रिपिंग की समस्या के कारण सारी रात बिजली की आंख मिचौनी जारी रही। ईदुल अजहा के मौके पर बिजली आपूर्ति काफी हद तक अधिकांश क्षेत्रों में सही तरह से चलती रही। मगर ओवरलोड बढ़ने के कारण ट्रिपिंग की समस्या पैदा हो गई। रात में तेज हवा चलने व आंधी आने से कुछ पेड़ बिजली की लाइनों पर टूट कर गिरने से लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई। बिजली की लाइनें क्षतिग्रस्त होने के बाद रात में ही बिजली विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कई क्षेत्रों की लाइनें सही कर बिजली आपूर्ति चालू करा दी। मगर इसके बाद सारी रात बिजली के आने व जाने का सिलसिला चलता रहा। भीषण गर्मी के चलते सारी रात लोग पसीना-पसीना रहे।

# चलती कार बनी आग का गोला, जलकर हुई खाक

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर सैद उर्फ भुड्डी निवासी नबील अहमद पुत्र रईस अहमद बीती शाम किसी कार्य से कार द्वारा दहीरपुर से सैदपुरी जा रहा था, जैसे ही वह नयागांव बाइपास मार्ग पर पहुंचा तो कार में आग लग गई। कार स्वामी ने कार से कूदकर अपनी जान बचाई। देखते-देखते कार आग का गोला बन गई जिससे पूरी तरह जल गई। सूचना पर मंडावली थाना प्रभारी राकेश कुमार ने पहुंचकर कार स्वामी नबील अहमद से घटना के बारे में जानकारी ली। कुछ देर बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची लेकिन जब तक कार जल चुकी थी। कार स्वामी नबील अहमद ने बताया कि उसने उक्त कार लगभग 6 महीने पहले ही खरीदी थी। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि कार में आग शॉर्ट शर्किट के कारण लगी है, कार पूरी तरह जल गई है कोई जनहानि नहीं हुई हैं।



आग का गोला बनी चलती कार जलते हुए।

# एआई से बना ईद मुबारक पोस्टर पड़ा भारी, युवक पर मुकदमा दर्ज

**बकरईद पर सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करने का मामला, बजरंग दल नेता की तहरीर पर हुई कार्यवाही**

बिजनौर (चिंगारी)। बकरीद के मौके पर सोशल मीडिया पर एआई से तैयार किया गया एक ईद मुबारक पोस्टर साझा करना एक युवक को महंगा पड़ गया। पोस्टर में बकरे के साथ गाय का चित्र इस्तेमाल किए जाने पर विवाद खड़ा हो गया। बजरंग दल के जिला संयोजक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। स्थनीय मोहल्ला चाहशीरी निवासी मोहम्मद उमर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप और फेसबुक आदि पर बकरईद की मुबारकबाद देते हुए एक पोस्टर अपलोड किया था। आरोप है कि पोस्टर में एआई द्वारा तैयार की गई तस्वीर में बकरे के साथ गोमाता का चित्र भी दर्शाया गया, जिसे लेकर हिंदू संगठनों ने आपत्ति जताई। इस मामले में बजरंग दल के जिला संयोजक अरुण चौधरी ने कोतवाली शहर में तहरीर देकर आरोप लगाया कि पोस्टर में गोमाता के चित्र का प्रयोग हिंदू समाज की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला है। इससे सामाजिक सौहार्द बिगड़ सकता है। तहरीर में कहा गया कि हिंदू धर्म में गाय को पूजनीय माना जाता है और इस प्रकार का चित्रण आपत्तिजनक एवं निंदनीय है। पुलिस को दी गई शिकायत में यह भी कहा गया कि सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल होने से लोगों में रोष व्याप्त है। इससे शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर अपना दल (एस) ने दी श्रद्धांजलि



नजीबाबाद (चिंगारी)। पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने किसानों, मजदूरों व गरीब वर्ग की आवाज को संसद तक पहुंचाने का कार्य किया। उन्होंने जमींदारी प्रथा के खिलाफ संघर्ष कर किसानों को सम्मान के साथ जीने का अधिकार दिलाया। केवल एक नेता नहीं, बल्कि किसानों के आत्मसम्मान के प्रतीक थे वह सत्ता के आगे न झुके न बिके, उन्होंने किसानों को अधिकार दिलाने में पूरी उम्र लगा दी। शैलेन्द्र चौधरी ने कहा कि आज भी देश का किसान उनके विचारों से प्रेरणा लेता है व उनका जीवन संघर्ष समाज के लिए मार्गदर्शक है। कार्यक्रम में वकील अहमद, प्रदीप चौधरी, डॉ. देवेंद्र, विश्वास, अनूप, उपासना, नफीस, फैयाजुद्दीन, व्यापार मंच के जिलाध्यक्ष आरिफ, सरदार रक्षपाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। सभी ने चौधरी चरण सिंह के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल- हेनरीता राजीव सिंह

**महोबा दलित छात्रा कांड, भ्रष्टाचार और विपक्ष के दमन को लेकर कांग्रेस का भाजपा पर हमला**

**बिजनौर (चिंगारी)।** कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष श्रीमती हेनरीता राजीव सिंह ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि केन्द्र और प्रदेश की सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को नैतिकता के आधार पर अपने पद छोड़ देने चाहिए।

कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में हेनरीता राजीव सिंह ने महोबा में दलित छात्रा के अपहरण और दुष्कर्म मामले को बेहद शर्मनाक बताते हुए कहा कि सरकार का कोई प्रतिनिधि पीड़िता के घर तक नहीं पहुंचा। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय जब पीड़िता के परिवार से मिलने जा रहे थे तो उन्हें रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन इसके बावजूद वह परिवार से मिले। कांग्रेस का आरोप है कि इसके बाद भाजपा सरकार बौखला गई और प्रदेशभर में अजय राय के




विरोध मे प्रदर्शन कराए गए।

हेनरीता ने कहा कि भाजपा के मंत्री और विधायक अजय राय की संपत्ति की जांच की मांग कर रहे हैं, जबकि उनका सार्वजनिक जीवन खुली किताब की तरह है। पार्टी ने मांग की कि यदि जांच करानी है तो भाजपा के मंत्रियों और विधायकों की संपत्तियों की भी निष्पक्ष जांच कराई जाए। प्रेस वार्ता में कांग्रेस ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा। पार्टी ने आरोप लगाया कि आगरा नगर निगम द्वारा प्राइवेट बिजली कंपनी टोरेंट के 430 करोड़ रुपये माफ किए गए हैं। साथ ही ईडी और आयकर विभाग के छापों का इस्तेमाल राजनीतिक दबाव और वसूली के लिए किए जाने का आरोप भी लगाया। हेनरीता ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में मिड-डे मील, स्कूल ड्रेस, अस्पतालों की दवाइयों और मशीनों तक में भ्रष्टाचार हुआ है। अयोध्या के विकास कार्यों और मंदिर चंदे को लेकर भी सवाल उठाए गए। उन्होंने कहा कि सरकार यदि वास्तव में पारदर्शिता चाहती है तो अपने मंत्रियों और विधायकों की संपत्तियों की जांच कराकर भ्रष्टाचार की सच्चाई जनता के सामने लाए। प्रेस कांफ्रेंस में पूर्व आईएएस आर के सिंह, हुमायूं बेग, विनोद तोमर, अनिल त्यागी, अब्दुल समद आज़ाद व डॉ. अजहर आदि कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

# ज्ञानी गुरवचन सिंह जी का धामपुर में भव्य स्वागत

## गुरूद्वारा रीठा साहिब में चल रहे जोड़ मेले में शामिल होने का आह्वान

**धामपुर ( चिंगारी )।** श्री अकाल तख्त साहिब अमृतसर के निवर्तमान जत्थेदार एवं दरबार साहिब के मुख्य हेड ग्रंथी ज्ञानी गुरु वचन सिंह जी ने समूचे उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश के गुरमुख परिवारों का आवाहन किया है कि वह उत्तराखंड के गुरुद्वारा रीठा साहिब में 28 मई से प्रारंभ हुए तीन दिवसीय जोड़ मेला में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मेले को ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व स्थान दिलाएं। देश के विभिन्न गुरुद्वारों की कार सेवा के प्रमुख संत बाबा बचन सिंह जी, बाबा सुरेंद्र सिंह जी, बाबा श्याम सिंह जी तथा अजीत पाल सिंह जी के संरक्षण एवं निर्देशन में प्रारंभ हुआ यह जोड़ मेला 30 मई तक चलेगा। पूर्व जत्थेदार ज्ञानी गुरु बचन सिंह जी अमृतसर से उत्तराखंड के विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल गुरुद्वारा रीठा साहिब जाते समय धामपुर में जिला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के जिला अध्यक्ष एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी सरदार सतवंत सिंह सलूजा के प्रतिष्ठान पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। इस अवसर पर सरदार सतवंत सिंह सलूजा एवं उनके सुपुत्र सरदार अमनदीप सिंह सलूजा ने



बोले सो निहाल सत श्री अकाल तथा वाहेगुरु जी का खालसा वाहेगुरु जी की फतेह के जयकारों के बीच शॉल ओढ़ाकर एवं सरोपा भेंट करके पूर्व जत्थेदार ज्ञानी गुरुबचन सिंह जी को सम्मानित किया। ज्ञानी गुरु सिंह जी ने अरदास करते हुए समूचे सलूजा परिवार को चढ़दी कला में बनाए रखने की सच्चे पातशाह वाहेगुरु के चरणों से अरदास की। पत्रकारों से वार्ता करते हुए ज्ञानी गुरु वचन सिंह जी ने बताया कि आगामी 31 मई को पंजाब के गुरुद्वारा श्री बकाला साहिब में विशाल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की बेअदबी न होने देने के लिए बनाए गए कानून में दिखाई देने वाली खामियों और त्रुटियों को संशोधित किए जाने की मांग उठाई जाएगी। इसी कॉन्फ्रेंस में उन सिख बंदियों की जेल से रिहाई की मांग की जाएगी, जिनके 28 से 32 वर्ष जेल में व्यतीत हो चुके हैं और उनकी रिहाई नहीं की गई है, जबकि नियम यह है कि जेल में 20 वर्ष पूर्ण कर लेने वाले व्यक्ति की रिहाई हो जानी चाहिए।

## पालिका अध्यक्ष इन्दिरा सिंह व डा. बीरबल सिंह ने किया माल्यार्पण



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती इन्दिरा सिंह एवं भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक डा. बीरबल सिंह ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 39वीं पुण्यतिथि पर नुमाइश ग्राउंड चौक पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प व्यक्त किया। डा. बीरबल सिंह ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने जीवन पर्यंत किसानों, मजदूरों, पिछड़ों, शोषितों के उत्थान के लिये काम किया। उनके द्वारा किये गये ऐतिहासिक कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। इस अवसर पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विकास कुमार, सभासद मणि चौधरी, अभिषेक राणा, विजेन्द्र चौधरी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## आग का गोला बन गई चलती हुई कार

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** नयागांव-मीरमपुर बेगा सम्पर्क मार्ग पर एक चलती हुई वेन्यू कार आग का गोला बन गई। कार स्वामी/चालक ने कूदकर जान बचाई। मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर सैद उर्फ भुड्डी का निवासी मौ. नबील पुत्र रईस अहमद अपनी हुंडई कंपनी की वेन्यू कार संख्या यूपी 20 सीएक्स -7146 से नांगल थानांतर्गत ग्राम दहीरपुर में गया था। कार में वह अकेला ही था। दहीरपुर से रसूलपुर सैद उर्फ सैदपुरी जाते हुए अपराहन 5.15 बजे जब वह मीरमपुर बेगा-नयागांव सम्पर्क मार्ग पर पहुंचा, तो रास्ते में शॉर्ट - सर्किट के कारण चलती कार में आग लग गई। थाना मंडावली के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी और मौके पर पहुंचे। अग्निशमन केन्द्र नजीबाबाद के प्रभारी के. एस. जादौन के नेतृत्व में मौके पर पहुंचे अग्निशमन दल ने जलती कार की आग को बुझाकर शांत किया, मगर तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। कार स्वामी / चालक मौ. नबील ने बताया कि कार 6 माह पुरानी थी तथा पेट्रोल चालित थी।



## ग्रामीण बिजली-पानी को तरसे



### सिसोना विद्युत उपकेन्द्र पर किया प्रदर्शन

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** विद्युत विभाग की लापरवाही और जर्जर लाइन व्यवस्था के चलते क्षेत्र के कई गांव विद्युत आपूर्ति को तरस रहे हैं। भीषण गर्मी और त्यौहार के बीच बिजली गुल होने से लोगों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया। परेशान ग्रामीणों का गुस्सा रात्रि फूट पड़ा और सैकड़ों उपभोक्ताओं ने सिसोना विद्युत उपकेंद्र पहुंचकर जमकर हंगामा किया।

हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के सिसोना विद्युत उपकेंद्र से ग्राम पुड्डा, मारुपुर, जोगीओंधा, सिकरौदा समेत दर्जनों गांवों को बिजली आपूर्ति की जाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्षों पुरानी और जर्जर विद्युत लाइन के कारण आएदिन सप्लाई बाधित रहती है, लेकिन विभाग स्थायी समाधान करने के बजाय केवल अस्थायी मरम्मत कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है।

बिजली ठप होने से गांवों में पेयजल संकट गहरा गया है। घरों में लगे सबमर्सिबल और मोटर बंद पड़े हैं, जिससे लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। वहीं भीषण गर्मी में बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सबसे अधिक परेशान हैं। त्यौहार के मौके पर बिजली गुल होने से लोगों की खुशियां भी फीकी पड़ गईं।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सिसोना उपकेंद्र पर पर्याप्त स्टाफ तक मौजूद नहीं है। उपकेंद्र पर केवल दो लाइनमैन तैनात हैं, जिससे समय पर फॉल्ट ठीक नहीं हो पाता। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अधिकारी समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नहीं हैं।

संजीव प्रधान, प्रशांत कुमार, कल्लू सिंह, नरेश कुमार, देवराज सिंह, पंकज कुमार, राहुल, मुशर्रफ अली, जुल्फिकार अहमद, अरुण, आरिफ और कपिलउद्दीन समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुई और व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो ग्रामीण विद्युत विभाग के मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेंगे।

### जल्द ही बहाल हो जाएगी आपूर्ति

**एसडीओ हल्दौर अभय कुमार ने बताया कि लाइन में फॉल्ट मिलने के बाद कर्मचारी मरम्मत कार्य में जुटे हैं और जल्द ही विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। वहीं सिसोना उपकेंद्र पर तैनात जेई सद्दाम अली ने बताया कि आंधी-तूफान के बाद लाइनें काफी खराब स्थिति में हैं। उन्होंने 22 मई को चार्ज संभाला है और सीमित स्टाफ के बावजूद हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं ताकि जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति सुचारु की जा सके।**

# शांतिपूर्ण अदा की गई ईद-उल-अज़हा की नमाज़

## मुल्क व कौम की तरक्की की मांगी दुआ



ईदगाह पर ईद की नमाज के बाद शहर इमाम से ईद मिलते नमाज़ी।

**मंडावर ( चिंगारी )।** नगर में आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र में ईद-उल-अजहा का पर्व श्रद्धा, उल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। इस मौके पर ईदगाह, जामा मस्जिद सहित कई मस्जिदों में हजारों अकीदतमंदों में ईद की नमाज अदा कर मुल्क व कौम की तरक्की के लिए दुआ मांगी। नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और उसके बाद कुर्बानी की रस्म अदा की।

इस मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रशासन एवं पुलिस बल पूरी अलर्ट मोड पर रहा। ईदगाह पर मुफ्ती मौ. मुदस्सिर कासमी ने ईद की नमाज अदा कराई, कुर्बानी का महत्व बताया तथा शासन की गाइडलाइन का पालन करने की अपील की।

ईदगाह परिसर में नगर पंचायत की ओर से नमाजियों के लिए वजू करने हेतु पानी की समुचित व्यवस्था की गई। चेयरमैन मौ. आसिफ शान द्वारा ईद की मुबारकबाद देते हुए ईदगाह का निरीक्षण कर सफाईकर्मियों को दिशा निर्देश दिये गये।

वहीं इस मौके पर भाजपा नेता व नगर पंचायत अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी मौ. अजमल उमर ने भीषण गर्मी में सभी नमाजियों को पानी बांटा। ईदगाह के अलावा जामा मस्जिद, फ़राशटोली मस्जिद में कारी नदीम हमद ने सैकड़ों मुसलमानों को नमाज अदा कराई।

# ईद पर ड्यूटी के लिए आये दरोगा की दिल का दौरा पड़ने से मौत



**धामपुर ( चिंगारी )।** बृहस्पतिवार को ड्यूटी कर रहे बागपत निवासी उपनिरीक्षक विक्रांत कुमार की मौत हो जाने से पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक विक्रांत कुमार निवासी ग्राम फुलेरा थाना बालैनी, जनपद बागपत ईद पर ड्यूटी के लिए पुलिस लाइन से धामपुर आए थे। ड्यूटी के दौरान कुछ देर आराम करने के लिए गार्ड रूम में अपने साथी शोभाराम सिंह के साथ गए थे। काफी देर तक उनके न उठने पर साथी पुलिसकर्मी ने उनको उठाने का प्रयास किया, लेकिन उनकी ओर से कोई हरकत नहीं हुई। विक्रांत कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां पर चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत का कारण हार्ट अटैक माना जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई।

# शांतिपूर्वक अदा की गई ईद-उल-अज़हा की नमाज़



**स्योहारा ( चिंगारी )।** गुरुवार को ईद उल अज़हा के मौके पर ईदगाह में शहर इमाम मौलाना मोहम्मद कामिल अंसारी ने ईद उल अज़हा की नमाज अदा कराई। नमाज के बाद शहर इमाम द्वारा मुल्क में अमनो अमान की दुआ कराई गई। सभी लोगों ने नमाज के बाद एक-दूसरे को ईद की बधाई दी। मौलाना कामिल अंसारी ने कहा कि झूठ से इंसान अंधेरे की ओर चला जाता है, इसलिए झूठ, गीबत से बचे, इससे गुनाह मिलता है। ईदगाह में पालिका की ओर से ईओ विजेंद्र सिंह पाल, पालिकाध्यक्ष फैसल वारसी, प्रधान लिपिक देवेंद्र सिंह, लिपिक मोहम्मद शान ने कैंप में लोगों को ईद की मुबारकबाद दी, जबकि ईदगाह कमेटी दफ्तर में मुफ्ती उबैदुर्रहमान, पूर्व सीओ इक़बालुज़म्म, डा.तारिक रज़ा, हाजी अनवर जमाल, डा.नफीस अहमद, सुहैल ज़फ़र, डा.तफ़ज़्ज़ुल अहमद, नसीम कुरैशी, हाजी जमील अहमद, मोहम्मद अनिक जमाल, अनूशा फात्मा, ज़फिया रहमान, शाहनवाज अहमद, अहसन एडवोकेट, फ़रहाज़ खान, असद अंसारी, अब्दुल रहमान, उमर फारुक आदि मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह, एसएसआई सुरजीत सिंह, एसआई अरुण कुमार, ब्रजपाल सिंह, प्रदीप कुमार, पुष्पेंद्र कुमार सहित पुलिस बल सहित मौजूद रहे।

# ढिल्लो को उम्मीदवार घोषित करने पर मुंह मीठा कराया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** लोकप्रिय इंटर कालेज, केलनपुर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा द्वारा शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो को पुनः स्नातक खण्ड बरेली-मुरादाबाद हेतु अपना उम्मीदवार घोषित किए जाने पर प्रसन्नता जताते हुए एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया गया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य हरवीर सिंह तोमर ने शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो को शिक्षकों का सच्चा हितैषी बताते हुए शिक्षकों से डा. हरि सिंह ढिल्लो के चुनाव में अभी से ही पूरे जी जान से जुट जाने का आह्वान किया। इस अवसर पर राजेन्द्र सिंह प्रधानाचार्य किसान इण्टर कॉलेज मानपुर,योगेन्द्र सिंह प्रधानाचार्य श्रीमती कमलेश सैनी इण्टर कॉलेज हिलालपुर, राजीव कुमार ग्राम प्रधान केलनपुर, देवेन्द्र सिंह, चंद्रपाल सैनी, विकास कुमार, पुष्पेंद्र कुमार व प्रशान्त तोमर सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

# भाकियू टिकैत में दो पदाधिकारी मनोनीत



**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के तहसील अध्यक्ष नितिन राणा ने बृहस्पतिवार को संगठन का विस्तार करते हुए नूरपुर क्षेत्र के गांव विजय नंगला निवासी गजराज सिंब सैनी को संगठन मंत्री व ग्राम अहीरपुरा निवासी तेजपाल सिंह को तहसील सचिव मनोनीत किया है। दोनों पदाधिकारियों ने अपने मनोनयन पर कहा कि संगठन ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है, उसका वह पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। दोनों नवमनोनीत पदाधिकारियों का ग्राम पीपला जागीर स्थित ब्लॉक कार्यालय पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर नूरपुर ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह, जिला संगठन मंत्री मास्टर देवेन्द्र सिंह व पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विनीत धनकड़ ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# किसानों को मल्टीलेयर्ड खेती के लिए जागरूक किया

## माटी की ओर से कृषि संगोष्ठी का आयोजन

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** माटी संस्था द्वारा चंदोक गांव में कृषि संगोष्ठी का आयोजन कर किसानों को जैविक एवं मल्टीलेयर्ड खेती के लिये जागरूक किया गया।

संस्था ने स्थानीय किसानों एवं स्वयं सहायता समूहों के साथ कृषि संगोष्ठी का आयोजन किया। माटी संस्था के वैज्ञानिकों ने किसानों को कृषि क्षेत्र में आई नई तकनीकों, उन्नत फसलों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर उत्पादन लागत को कम करते हुए फसल की गुणवत्ता एवं उत्पादन दोनों में वृद्धि की जा सकती है।



विशेषज्ञों ने उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि मल्टीलेयर्ड फार्मिंग के अंतर्गत पपीता एवं सहजन/मोरेंगा जैसी मुख्य फसलों के साथ मिर्च, खीरा, टमाटर, बैंगन, हल्दी, आलू एवं गाजर जैसी सहायक सब्जियों की खेती कर किसान एक ही भूमि से अधिक उत्पादन एवं बेहतर आय प्राप्त कर सकते हैं। माटी की वैज्ञानिक डा. अंकिता राजपूत, डा. वेद कुमार, सुनीत कुमार एवं मानवेन्द्र ठाकुर सहित काफी संख्या में स्थानीय किसान एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलायें उपस्थित रहीं।

# बारगाह-ए-इलाही में उठे हजारों हाथ



ईदुल अजहा मनाई शांति व भाईचारे के साथ।

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** क्षेत्र में ईद-उल-अजहा का पर्व आपसी सद्भाव, प्रेम और भाईचारे के माहौल में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। सुबह से ही ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। नमाज के बाद हजारों लोगों ने बारगाह-ए-इलाही में हाथ उठाकर देश में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी। हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम गांगू नंगला, अकबरपुर तिगरी, मुबारकपुर कला, उमरीपीर, पित्तनओंधा, पीपली जट्ट, छोइया नगली, सब्दलपुर, रेहरा, धीमरपुरा और गंधौर सहित कई गांवों की ईदगाहों में ईद-उल-अजहा की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई। त्यौहार के अवसर पर गांवों में लगे छोटे-छोटे मेलों में रंग-बिरंगे गुब्बारे, खिलौने, चकरी, मिठाइयों और खाने-पीने की दुकानों पर बच्चों में खासा उत्साह दिखाई दिया। छोटे बच्चे नये कपड़े पहनकर अपने परिजनों के साथ मेले में पहुंचे और झूलों का आनंद लिया। गांगू नंगला की ऐतिहासिक प्राचीन ईदगाह पर ईदउल अजहा नमाज के बाद गौसिया मस्जिद के पेश इमाम जाकिर हुसैन तथा कादरी मस्जिद के पेश इमाम गुलाम यासीन ने कहा कि ईद-उल-अजहा का पर्व त्याग, कुर्बानी और इंसानियत का संदेश देता है। नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने बताया कि ईदगाहों और प्रमुख स्थानों पर पांच-पांच पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। क्षेत्र में ईद उल अजहा का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ है।




खिलौने खरीदते हुये बच्चे।

## शेरबाज पठान ने दी मुबारकबाद

**चांदपुर (चिंगारी)। नगर की ईदगाह पर आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष शेरबाज पठान ने ईदगाह में नमाज अदा करने आए लोगों को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। पूर्व पालिकाध्यक्ष शेरबाज पठान ईदगाह में नमाज अदा करने के लिए आये लोगों से गर्मजोशी के साथ मिले तथा उन्हें ईद की मुबारकबाद दी।**



# ईद-उल-अज़हा परम्परागत ढंग से मनाई



## अमनो-अमान के लिए दुआ कराई

**चांदपुर (चिंगारी)।** नगर सहित पूरे क्षेत्र में ईद उल अजहा का त्यौहार धूमधाम एवं हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा परम्परागत ढंग से पशुओं की कुर्बानी की गई। नगर की ईदगाह में शहर काजी मुफ्ती मोहम्मद आमिर व जामा मस्जिद में मुफ्ती मोहम्मद अकबर ने हजारों लोगों को ईद की नमाज अदा कराई। इनके अलावा नगर की कई अन्य मस्जिदों में भी हजारों लोगों ने ईद की नमाज अदा की। ईद की नमाज के बाद देश व दुनिया में अमन-चैन कायम रहने तथा देश की खुशहाली के लिए दुआ की गई।

## पेयजल व सफाई व्यवस्था शानदार रही

**चेयरपर्सन श्रीमती जीनत शेरबाज की ओर से इस बार भी ईद उल अजहा पर सफाई व पेयजल आपूर्ति की विशेष व्यवस्था की गई थी तथा कुर्बानी के अवशेष दबाने के लिए तीन गहरे गड्ढे खुदवाये गये थे तथा साथ ही नगरवासियों को निर्बाध पेयजल आपूर्ति उपलब्ध कराये जाने के लिए समुचित व्यवस्था कराई गई थी, जिसके लिए नगरवासियों ने चेयरपर्सन की सराहना की।**

# प्रतिभा सम्मान को चल रहा डोर टू डोर अभियान

## भुइयार एजुकेशनल वेलफेयर सोसायटी 14 जून को करेगी मेधावियों को सम्मानित

**बिजनौर (चिंगारी)।** भुइयार एजुकेशनल वेलफेयर सोसायटी ने समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए डोर टू डोर अभियान शुरू कर दिया है। 14 जून को भुइयार समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थी सम्मानित किए जाएंगे। समिति की ओर से कार्यक्रम की तैयारी करने के लिए चार टीम गठित की गई हैं। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार भुइयार, महामंत्री केशव शरण तथा कोषाध्यक्ष तेजपाल सिंह ने बताया कि गठित की गई टीम ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यार्थियों से दूर-दूर संपर्क कर रही है। टीम में मास्टर संदीप कुमार, कार्मेंद्र सिंह, राहुल सिंह, उमेश कुमार, नरेंद्र कुमार उर्फ भोले, दीपक भुइयार, टीकम सिंह भुईयार, हरि प्रकाश, अमित कुमार, मास्टर ज्ञान सिंह, नवीन वंशीवाल आदि जनसंपर्क में जुटे हुए हैं। महामंत्री केशव शरण ने बताया कि विगत कई वर्षों से समिति समाज के विद्यार्थियों के लिए कार्य कर रही है, जिसके चलते शिक्षा के क्षेत्र में अच्छे परिणाम आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि समिति का लक्ष्य समाज के सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त करना है। कोषाध्यक्ष तेजपाल सिंह ने बताया कि समाज के विद्यार्थियों को छोटी-छोटी गोष्ठियों के माध्यम से भी विभिन्न कोर्सों के बारे में समय-समय पर जानकारी दी जाती है। सम्मान समारोह में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले तथा खेल, चिकित्सा, शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।



# 31 तक हो समस्याओं का समाधान

## एक जून से धरने का ऐलान

**चांदपुर (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति की मासिक पंचायत में बिजली से संबंधित समस्याओं का समाधान 31 मई तक न होने पर 1 जून से विद्युत वितरण खंड कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने की चेतावनी दी गई। नगर के फीना रोड स्थित विद्युत वितरण खंड कार्यालय पर ब्लॉक उपाध्यक्ष सतवीर सिंह की अध्यक्षता एवं सुभाष चौधरी के संचालन में आयोजित पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह काकरान ने भीषण गर्मी के बावजूद क्षेत्र में बड़े पैमाने पर की जा रही विद्युत कटौती पर आक्रोश जताते हुए कहा कि विद्युत कटौती के कारण खेतों में खड़ी फसलें सूखने के कगार पर हैं। पंचायत में विद्युत व्यवस्था में सुधार किए जाने, जर्जर हो चुके विद्युत तारों को बदलवाये जाने सहित बिजली से संबंधित समस्याओं का समाधान कराये जाने की मांग की गई। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र सिंह काकरान, सतवीर सिंह, शूरवीर सिंह, ओमकार सिंह, शूरवीर सिंह, नीरज देवी, ग्राम अध्यक्ष नाथू यादव, नाथू सिंह, ग्राम अध्यक्ष गजराज सिंह, गजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



# नांगल सोती में परम्परागत ढंग से मनाई गई बकरीद

**नांगल सोती (चिंगारी)।** क्षेत्र में बृहस्पतिवार को ईद-उल-अज़हा की नमाज़ अकीदत और उत्साह के साथ अदा की गई। नमाज़ के बाद निर्धारित स्थानों पर पशुओं की कुर्बानी की रस्म अदा की गई।

नांगल में ईद-उल-अज़हा की नमाज़ सराय आलम मार्ग स्थित कब्रिस्तान के अंदर निर्धारित स्थान पर मुफ्ती मौ. शादाब ने सुबह 7 बजे अदा कराई। नमाज़ के बाद नमाजियों ने हाथ उठाकर मुल्क और कौम की तरक्की, दुनिया भर में शांति कायम रहने, बीमारों को अच्छी सेहत देने, सभी की खुशहाली के लिये अल्लाह से दुआ मांगी। जाने-अनजाने में हुए गुनाहों के लिये माफी भी मांगी गई। नांगल में गंगा घट्टी के समीप स्थित मस्जिद में कारी फरमान ने ईद की नमाज़ अदा कराई। स्थानीय बस स्टैंड के समीप ग्राम शहजादपुर में स्थित मदरसे वाली मस्जिद में मुफ्ती उसामा ने, शहजादपुर में तिराहे के समीप स्थित मस्जिद में हाफिज शादाब ने तथा शहजादपुर की आयशा मस्जिद में हाफिज मौ. उमर ने ईद की नमाज़ अदा कराई। ग्राम रसूलपुर सैद उर्फ सैदपुरी के ईदगाह में मौलाना नाजिम ने, सबलपुर बींतरा स्थित ईदगाह में कारी रिहान ने, दिनौड़ा स्थित ईदगाह में कारी गुलफाम ने ईद की नमाज़ अदा कराई। ग्राम दहीरपुर, रायपुर खास उर्फ कोटसराय, जालपुर, काठपुर के नमाजियों ने जालपुर-दहीरपुर-काठपुर की सीमा पर स्थित ईदगाह में नमाज़ अदा की। वहां दहीरपुर की जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती सादिक ने नमाज़ अदा कराई। ईद की नमाज़ के बाद दहीरपुर, सैदपुरी, सबलपुर बींतरा, दिनौड़ा में पशुओं की कुर्बानी की रस्म अदा की गई। ईद को लेकर मुस्लिमों में भारी उत्साह देखा गया। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर के नेतृत्व में गांव-गांव पुलिस बल मुस्तैदी के साथ मौजूद रहा।



नांगल में ईद की नमाज़ अदा करते नमाज़ी।

# 24 घंटे में बालक को सकुशल बरामद कर दून पुलिस ने परिजनों को सौंपा

## परिजनों की डांट से नाराज होकर घर से चला गया था



**देहरादून ( चिंगारी )।** दून पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गुमशुदा बालक को 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बालक के सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने दून पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। जानकारी के अनुसार 27 मई को सेलाकुई निवासी एक महिला ने थाना सेलाकुई में सूचना दी कि उनका नाबालिग पुत्र किसी बात को लेकर डांट पड़ने से नाराज होकर घर से बिना बताए कहीं चला गया है। परिजनों द्वारा काफी तलाश किए जाने के बावजूद बालक का कोई पता नहीं चल पाया। सूचना के आधार पर थाना सेलाकुई में मामला दर्ज किया गया और बालक की तलाश शुरू की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून के निर्देश पर बालक की सकुशल बरामदगी के लिए तत्काल एक पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम ने बालक के घर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसके साथ ही सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से भी गुमशुदा बालक की सूचना प्रसारित की गई, ताकि जल्द से जल्द उसकी जानकारी मिल सके। पुलिस की त्वरित कार्रवाई और लगातार प्रयासों के चलते कल 28 मई को पुलिस टीम ने गुमशुदा बालक को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जनपद स्थित बिहारीगढ़ क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया। बालक की सकुशल बरामदगी के बाद उसे उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। अपने बेटे को सुरक्षित वापस पाकर परिजनों ने राहत की सांस ली और दून पुलिस की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

## महावीर सभा, बिजनौर

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुंशी गिरधारीलाल भवन, स्थित निकट जैन धर्मशाला, नई बस्ती बिजनौर के मालिक/लैन्डलौर्ड स्व. बलवन्त सिंह जैन थे। उन्होंने अपनी वसीयत के आधार पर अपने द्वारा गठित महावीर सभा बिजनौर को मालिक बनाया तथा वसीयत में प्रावधान किया कि महावीर सभा के विघटन के बाद दिगम्बर जैन समाज उक्त सम्पत्ति के मालिक होंगे। दिगम्बर जैन समाज द्वारा महावीर सभा को विघटित बतलाकर बिना महावीर सभा को पक्षकार बनाए न्यायालय से अधिकार पत्र प्राप्त किया , जिसको खारिज किये जाने का वाद न्यायालय में विचाराधीन है।

दिगम्बर जैन समाज का यह कहना भ्रामक और निराधार है कि महावीर सभा का विघटन हुआ है। रजिस्ट्रार सोसाइटी मुरादाबाद ने नियमानुसार 24-02-2026 को चुनाव सम्पन्न कराया, जिसके बाद महावीर सभा बिजनौर का विधिवत पंजीकरण हुआ। दिगम्बर जैन समाज द्वारा महावीर सभा के चुनाव निरस्त करने के लिये उच्च न्यायालय इलाहाबाद में रिट सं. 20115/2026 दिनांक 20-05-2026 को रिट दायर की गई, जो 27-05-2026 को महावीर सभा के पक्ष में निर्णित हुई।

इस सम्पत्ति में रह रहे किरायेदार भ्रमित न हों। उक्त सम्पत्ति की मालिक महावीर सभा है। महावीर सभा को ही किराया देकर रसीद प्राप्त करें। यदि किराये देने वाले को किसी प्रकार की परेशानी होती है तो महावीर सभा के पदाधकारी किरायेदार के साथ रहेंगे।

**सूर्यमणि रघुवंशी**
प्रधान (अध्यक्ष)

**गणेश ठाकुर**
मंत्री

**महावीर सभा, बिजनौर**

## सुमन कोटनाला प्रतिनिधि वन विभाग नामित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** प्रदेश के वन मंत्री सुबोध उनियाल ने वरिष्ठ भाजपा नेता जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष सुमन कोटनाला को जनपद में प्रतिनिधि-वन विभाग नामित किया है। कोटद्वार निवासी श्री सुमन कोटनाला पूर्व में ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत उपाध्यक्ष व मंडी समिति के अध्यक्ष समेत अविभाजित उत्तर प्रदेश में विभिन्न समितियों में डायरेक्टर एवं कई पदों पर रह चुके हैं।



## समारोहपूर्वक मनाया जायेगा हिन्दी पत्रकारिता दिवस

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन (पंजी.) शाखा जनपद बिजनौर हिंदी दिवस गरिमामयी ढंग से समारोहपूर्वक मनाएगी। इस अवसर पर मुद्रण से डिजिटल तक पत्रकारिता विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा।यूनियन के जिला महामंत्री अनिल चौधरी ने बताया कि हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय पर आयोजित हिंदी पत्रकारिता दिवस समारोह 30 मई, दिन शनिवार को अपराहन तीन बजे से जैन धर्मशाला के सभागार बिजनौर में आयोजित होगा। समारोह की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। समारोह में जनपद के वरिष्ठ एवं युवा पत्रकारों के साथ साहित्यकार, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बुद्धिजीवी वर्ग के लोग बड़ी संख्या में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि हिंदी पत्रकारिता की दो शताब्दियों की गौरवपूर्ण यात्रा को यादगार व ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। समारोह में वक्ताओं द्वारा पत्रकारिता के विभिन्न पहलुओं पर विचार रखे जायेंगे तथा हिंदी पत्रकारिता के योगदान को रेखांकित किया जायेगा। उन्होंने जनपद के युवा व वरिष्ठ पत्रकारों, साहित्यकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं व बुद्धिजीवियों से समारोह में शामिल होने की अपील की है।

**कल 30 मार्च को अपराह्न 3 बजे होगा कार्यक्रम**

## विधायक ने लाइन में लगकर अपना ड्राइविंग लाइसेंस लिया

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल संभागीय परिवहन कार्यालय, ऋषिकेश पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आम नागरिकों की तरह निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए लाइन में लगकर अपने ड्राइविंग लाइसेंस के लिए बायोमेट्रिक प्रक्रिया पूर्ण की। डॉ. अग्रवाल ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी रावत सिंह से अपना ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त किया। उन्होंने कार्यालय में व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि पूर्व में उनके द्वारा कार्यालय में आने वाले नागरिकों की सुविधा के लिए पेयजल, बैठने की व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। आज उन्होंने इन व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण कर उनका जायजा लिया।



## और खरीदो चोरी के तार, हो गये न गिरफ्तार



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम की तिरंगा लाइटर की तार चोरी के मामले में पुलिस ने कबाड़ का काम करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार करके चोरी का तार एवं जली हुई कॉपर बरामद की। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप नेगी ने बताया कि नगर निगम की ओर से विकास ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था कि विभाग की ओर से पुलों पर लगाई गई तिरंगा लाइटों विद्युत तार चोरी हो गई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दो संदिग्ध विधि विवादित किशोर को संरक्षण में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में पता चला कि किशोर ने तार चोरी कर कबाड़ियों को बेच दी है। पुलिस ने दो कबाड़ियों को हिरासत में लेकर चोरी की 40 मी. विद्युत तार व पांच किलो कॉपर तार बरामद किया। गिरफ्तार कबाड़ियों में कोटद्वार निवासी आमिर व जनपद बिजनौर के नजीबाबाद निवासी ऋतुराज शामिल हैं। पुलिस टीम में उप निरीक्षक विनोद कुमार चपराणा, हैड कांस्टेबल करण यादव, चंद्रपाल, अनुज त्यागी, कुलदीप प्रजापति और नेहा रावत शामिल थे।

## राधा इंटर कालेज में आयोजित समर कैम्प का समापन



**धामपुर ( चिंगारी )।** राधा इंटर कॉलेज में आयोजित समर कैंप के समापन कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रबंधक रवि कुमार सिंह ने मां शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। समर कैंप में गौरी शर्मा, लकी, श्रेया, दीपाली, दीपा, रीतू आलिया ने छात्र-छात्राओं को योग, नृत्य, शूटिंग, स्केटिंग, मिकी माउस आदि की एक्टिविटी का प्रशिक्षण दिया। प्रधानाचार्य सुरेश कुमार ने कहा कि छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ कल्चरल एक्टिविटी का आयोजन लाभकारी है। समर कैंप में मुकेश कुमार ,अजीत सिंह, त्रिवेंद्र कुमार आदि का सहयोग रहा। समापन कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## योग शिविर में योग साधकों को योग क्रियाओं की जानकारी दी

**धामपुर ( चिंगारी )।** भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एवं पतंजलि योग समिति धामपुर द्वारा ग्राम नौरंगाबाद के पंचायत भवन में पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर के चौथे दिन हरिद्वार से पहुंचे वरिष्ठ राज्य प्रभारी विपिन आर्य ने योग साधकों को विभिन्न योग क्रियाओं, प्राणायाम एवं स्वस्थ जीवन शैली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ्य एवं मन प्रसन्न रहता है। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं योग प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान पूर्व मंत्री ठाकुर मूलचन्द्र चौहान, योगाचार्य गजराज सिंह, सहित अनेक लोग मौजूद रहे। शिविर का संचालन जिला संगठन मंत्री शिवेंद्र अग्रवाल द्वारा किया गया।

# हीट स्ट्रोक और हीट एग्जॉशन के लक्षणों में अंतर

## हीट एग्जॉशन के लक्षण
क्या करें


**सामान्य कमजोरी**
ठंडे पानी से नहाएं या ठंडे पानी से बदन पोछें


**ज्यादा पसीना**
ORS का घोल या नारियल पानी पिएं


**पल्स और हार्ट रेट सामान्य से ज्यादा**
ठंडी या छायेदार जगह पर जाएं


**उल्टी या मतली**
लगातार उल्टी हो तो डॉक्टर से कंसल्ट करें


**बेहोशी या चक्कर आना**
लेट जाएं, आराम करें


**स्किन ठंडी, सफेद और नम त्वचा**
कपड़े ढीले करें या कुछ कपड़े उतार दें


## हीट स्ट्रोक के लक्षण
क्या करें


**शरीर का टेम्परेचर 104°F से ज्यादा होना**
तुरंत नजदीकी अस्पताल जाएं


**पल्स और हार्ट रेट बहुत ज्यादा बढ़ना**
ठंडी या छायादार जगह पर जाएं


**बेहोशी या कॉन्शियसनेस कम होना**
आसपास का एनवायर्नमेंट ठंडा करें


**स्किन लाल, गर्म या रूखी होना**
बॉडी टेम्परेचर कम करने के लिए ठंडे पानी की पट्टियां रखें



"हीट एग्जॉशन आमतौर पर ज्यादा पसीना बहने से शरीर में पानी और मिनरल्स की कमी से होता है। वहीं, जब बॉडी अपना इंटरनल टेम्परेचर कंट्रोल नहीं कर पाती है तो हीट स्ट्रोक होता है। यह एक गंभीर मेडिकल इमरजेंसी है।"



# बहुत गर्मी में पसीना न आना हीटस्ट्रोक के लक्षण

*भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) लगातार देश के अलग-अलग राज्यों में गर्मी को लेकर अलर्ट जारी कर रहा है। 15 साल बाद अप्रैल में ही पारा 40 डिग्री पार कर चुका है। इससे हीटवेव और गर्मी से जुड़ी बीमारियों का जोखिम बढ़ गया है। बहुत ज्यादा गर्मी बढ़ने पर हीट एग्जॉशन और हीटस्ट्रोक हो सकता है। अगर समय पर इनका इलाज न किया जाए तो हीट एग्जॉशन हीटस्ट्रोक में बदल सकता है, जो लाइफ थ्रेटनिंग कंडीशन है। पिछले साल लोकसभा में भारत सरकार ने बताया कि 2015 से 2023 के बीच हीटवेव के कारण कुल मिलाकर देश में 4057 लोगों की मौत हुई है। अब जबकि मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि 2026 सबसे गर्म साल हो सकता है तो खतरा और बढ़ जाता है।*

## हीट एग्जॉशन और हीट स्ट्रोक में क्या अंतर है?

*हीट एग्जॉशन और हीट स्ट्रोक दोनों ही गर्मी से जुड़ी समस्याएं हैं, लेकिन ये दोनों अलग कंडीशन हैं। इसलिए इनके प्रभाव भी अलग-अलग हैं-*

1 **हीट एग्जॉशन:- हीट एग्जॉशन तब होता है जब कोई लंबे समय तक बहुत गर्मी में रहता है। इस दौरान शरीर लगातार खुद को ठंडा रखने के लिए पसीना बहाता है। जब शरीर बहुत देर तक ये कोशिश करता रहता है तो पानी और मिनरल्स की कमी हो जाती है। इसके कारण बहुत ज्यादा थकान और कमजोरी महसूस होती है।**

2 **हीट स्ट्रोक:-** हीट स्ट्रोक हीट एग्जॉशन से ज्यादा खतरनाक कंडीशन है। यह तब होता है, जब शरीर टेम्परेचर कंट्रोल सिस्टम पूरी तरह फेल हो जाता है और बॉडी टेम्परेचर बहुत बढ़ जाता है यानी 104°F के ऊपर चला जाता है। इस कंडीशन में शरीर खुद को ठंडा बनाए रखने के लिए पसीना नहीं बहा पाता है। ये एक मेडिकल इमरजेंसी है, जिसमें तुरंत इलाज की जरूरत होती है।

## हीट एग्जॉशन और हीट स्ट्रोक से कैसे बचें

**हीट एग्जॉशन और हीट स्ट्रोक जैसी हीट-से जुड़ी बीमारियों से बचाव के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात है शरीर का तापमान ठंडा रखना। खासकर जब आप गर्मी या धूप में बाहर काम कर रहे हों या कोई गतिविधि कर रहे हों, तो यह और भी जरूरी हो जाता है।**

1 **हाइड्रेटेड रहें :-** गर्मी में या धूप में बाहर काम करते समय हर घंटे में 2 से 4 कप पानी पिएं। गर्मी में शरीर को ज्यादा पानी की जरूरत होती है, क्योंकि पसीने में बहुत सारा पानी बह जाता है।

2 **शराब और कैफीन से बचें:-** अगर आप भारी फिजिकल एक्टिविटीज कर रहे हैं। खासकर गर्मी में कर रहे हैं तो शराब और कैफीन से बचें। ये शरीर को ज्यादा डिहाइड्रेट कर सकते हैं और हीट से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ा सकते हैं।

3 **ठंडी जगह पर रहें :-** गर्मी के दिनों में कोशिश करें कि आप ज्यादा से ज्यादा समय एसी वाले स्थान जैसे मॉल, लाइब्रेरी या सिनेमा हॉल में बिताएं।

4 **गर्म दिन में सीधे धूप से बचें:-** सबसे गर्म समय में दोपहर के 12 बजे से 3 बजे तक बाहर काम करने से बचें और अगर बाहर हैं तो छांव में रहें।

5 **हल्के रंग के कपड़े पहनें:-** बाहर काम करते समय हल्के रंग के, ढीले कपड़े पहनें। इससे शरीर ठंडा रहेगा। एक चौड़ी टोपी भी पहनें, जो धूप से बचाए और ठंडा रखे।

6 **ठंडे पानी से नहाएं:-** गर्मी में ठंडे पानी से नहाएं, ताकि शरीर का टेम्परेचर कम किया जा सके।

7 **ब्रेक लें:-** गर्मी में काम करते या एक्सरसाइज करते समय अक्सर ब्रेक लें। इस दौरान आराम करें और शरीर को ठंडा होने का मौका दें।

8 **गाड़ी में बच्चों, वयस्कों या पालतू जानवरों को न छोड़ें :-** कभी भी बच्चों, वयस्कों या पालतू जानवरों को बंद और पार्क की हुई कार में न छोड़ें। बंद कार में टेम्परेचर बहुत तेजी से बढ़ सकता है, जो हीट से जुड़ी बीमारियों का कारण बन सकता है।

9 **सिंथेटिक कपड़े न पहनें:-** गर्मी में सिंथेटिक कपड़े जैसे नायलॉन की जगह कॉटन वाले कपड़े पहनें ताकि शरीर ठंडा बना रहे।

## हीट स्ट्रोक और हीट एग्जॉशन में अंतर पहचानना जरूरी

**मौसम अगले कुछ दिनों में लगातार गर्म होता जाएगा, इससे हीट एग्जॉशन और एग्जॉशन का खतरा भी बढ़ेगा। इन दोनों कंडीशन की सही पहचान इसलिए जरूरी है, क्योंकि पहचानने में गलती से जान का जोखिम हो सकता है। इसके लिए सबसे अच्छा तरीका है इनके लक्षण पहचानना-**

### इनके लक्षण क्या हैं?

गर्मियों से जुड़ी कोई समस्या होने पर सबसे पहले मसल क्रैम्प्स होते हैं। इसके बाद सिरदर्द और चक्कर जैसी समस्या होती है। हीट स्ट्रोक और हीट एग्जॉशन के लक्षण कैसे अलग हैं-

### हीट एग्जॉशन और हीट स्ट्रोक क्यों होता है?

**हीट एग्जॉशन और हीट स्ट्रोक, दोनों कंडीशन तब बनती हैं, जब टेम्परेचर बहुत बढ़ने पर शरीर खुद को ठंडा नहीं कर पाता है। खुद को ठंडा रखने के लिए पसीना शरीर का प्राकृतिक तरीका है। अगर मौसम बहुत गर्म है और कोई बहुत मेहनत कर रहा है तो शरीर को पसीने की मदद से खुद को ठंडा रखने में बहुत मुश्किल होती है।**

# बूथ प्रबंधन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का मार्गदर्शन उत्साहजनक : महेन्द्र भट्ट

## कोर कमेटी सदस्य करेंगे विधानसभा क्षेत्रों में प्रवास, बूथ स्तर तक बनेगी रणनीति

**देहरादून ( चिंगारी )। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के तीन दिवसीय उत्तराखंड प्रवास के दौरान संगठनात्मक बैठकों का दौर जारी रहा। आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बूथ प्रबंधन और संगठन को मजबूत करने को लेकर पार्टी पदाधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने इसे उत्साहजनक बताते हुए कहा कि पार्टी बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में काम करेगी।**



महेंद्र भट्ट ने बताया कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों में जिन बूथों पर पार्टी को हार का सामना करना पड़ा, उन बूथों पर विशेष फोकस किया जाएगा। इसके लिए एक विशेष टीम गठित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य दो-दो दिन तक विधानसभा क्षेत्रों में प्रवास करेंगे और संबंधित विधानसभा कोर कमेटी के साथ बैठक कर बूथ स्तर तक रणनीति तैयार करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कोर कमेटी के 17 सदस्य जून, जुलाई और अगस्त माह में सभी विधानसभा क्षेत्रों का दौरा करेंगे। सभी प्रभावशाली सदस्यों को क्षेत्रवार जिम्मेदारी दी जाएगी। इस दौरान स्थानीय समस्याओं का फीडबैक लेकर सरकार को सुझाव भी दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी की चुनावी रणनीति पूरी तरह बूथ आधारित होती है और राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इसी विषय पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया है। बैठक में विपक्ष के नकारात्मक एजेंडे का जवाब देने और उससे बेहतर कार्यक्रमों को जमीन पर उतारने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देवतुल्य जनता और कर्मठ कार्यकर्ताओं के दम पर भाजपा उत्तराखंड में जीत की हैट्रिक का इतिहास रचेगी। उन्होंने राष्ट्रीय महामंत्री संगठन, मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रदेश कोर कमेटी एवं मंत्री समूह की बैठक लेकर आगामी चुनावों को लेकर मूल मंत्र दिया। भाजपा मुख्यालय पहुंचने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष का स्वागत प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, मुख्यमंत्री धामी , प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, कैबिनेट मंत्रियों, सांसदों और वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।

### सीएम धामी की प्रशंसा की

**“ राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने मुख्यमंत्री धामी सरकार के निर्णयों की सराहना करते हुए कहा कि उत्तराखंड धर्म-संस्कृति संरक्षण, डेमोग्राफी संतुलन और विकास के क्षेत्र में देश के अन्य राज्यों के लिए उदाहरण बन रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि सरकार की उपलब्धियां सही तरीके से जनता तक पहुंचीं तो भाजपा तीसरी बार नए रिकॉर्ड के साथ सत्ता में वापसी करेगी।**

# मेयर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये क्षेत्रीय जनता की समस्याएं सुनीं

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** डिजिटल इंडिया की परिकल्पना को साकार करते हुए नगर निगम महापौर शैलेन्द्र रावत ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से क्षेत्रीय जनता की समस्याओं को सुना। इस दौरान वार्ड 9 प्रतापनगर की जनता ने सीवेज संबंधी समस्या से उन्हें अवगत कराया। इस पर महापौर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ही संबंधित अधिकारियों को समस्या के त्वरित समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद महापौर प्रताप नगर पहुंचे और समस्या का निरीक्षण करते हुए जल संस्थान के अधिशासी अभियंता अभिषेक वर्मा को आवश्यक निर्देश दिए। कहा कि आमजन से जुड़ी समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि क्षेत्रवासियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। कहा कि जनसेवा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा आधुनिक तकनीक के माध्यम से जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

# शिल्पकार समाज की समस्याओं का हो समाधान

## शैल शिल्पी विकास संगठन ने पीएम को भेजा ज्ञापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड के मूलनिवासी शिल्पकार समाज की समस्याओं को लेकर शैलशिल्पी विकास संगठन ने केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है। संगठन का कहना है कि राज्य का शिल्पकार समाज लंबे समय से आर्थिक तंगी, बेरोजगारी और सामाजिक उपेक्षा का सामना कर रहा है, जिससे उनकी पारंपरिक कला और संस्कृति भी प्रभावित हो रही है।

इस संबंध में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास कुमार आर्य द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि शिल्पकार समाज ने सदियों से उत्तराखंड की लोकसंस्कृति और पारंपरिक शिल्पों को जीवित रखा है। बावजूद इसके आज यह समुदाय भूमिहीनता और रोजगार की कमी जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं और बाजार की कमी के कारण नई पीढ़ी पारंपरिक व्यवसायों से दूरी बना रही है। संगठन ने मांग की कि पारंपरिक शिल्पों को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण केंद्र खोले जाने चाहिए और शिल्पकार समाज को ब्याज मुक्त ऋण दिया जाना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने ज्ञापन में शिक्षा और सरकारी नौकरियों में समाज का प्रतिनिधित्व बढ़ाने, पदोन्नति में आरक्षण बहाल करने तथा जातीय उत्पीड़न के मामलों में सख्त कार्रवाई करने की की मांग करते हुए कहा है कि यदि समय रहते समाज की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो उत्तराखंड की पारंपरिक शिल्प कला और सांस्कृतिक विरासत को बड़ा नुकसान हो सकता है।

# प्रशासन ने शिकायत पर अभियान चलाया

## सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कोटद्वार क्षेत्र के वार्ड नंबर-20 पदमपुर सुखरौ के जनशक्ति विहार लेन-2 में बड़ी कार्रवाई की। नगर निगम, राजस्व विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर लगभग 50 मीटर क्षेत्र में की गई तारबाड़ हटाकर सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। उपजिलाधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि स्थानीय निवासी मीनाक्षी चमोली एवं अन्य स्थानीय निवासियों ने तहसील व नगर निगम में शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा एंगल लगाकर सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण किया गया है, जिससे आम लोगों के आवागमन में दिक्कत हो रही है। शिकायत का संज्ञान लेते हुए प्रशासन ने तत्काल संयुक्त टीम गठित कर कार्रवाई सुनिश्चित की। बताया कि कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी गई कि राजकीय भूमि, सार्वजनिक रास्तों और आमजन के आवागमन वाले मार्गों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के अतिक्रमण पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



कोटद्वार के वार्ड नं. 20 पदमपुर सुखरौ के जनशक्ति विहार में अतिक्रमण को हटाती जेसीबी।

# इनरव्हील क्लब पिंक ने बस अड्डे पर लगवाई बेंच

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** इनरव्हील क्लब पिंक की ओर से जीएमओयू बस अड्डे में यात्रियों के विश्राम के लिए दो बेंच लगवाई गईं। बस अड्डा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में इनरव्हील क्लब पिंक की अध्यक्षा शिल्पी अग्रवाल ने कहा कि बस स्टेशन में यात्रियों के लिये बैठने की व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए क्लब की ओर से बेंच लगवाई गई हैं। कंपनी अध्यक्ष गजे सिंह रौथाण ने कहा कि बेंच लगने से बस की इन्तजार में बैठे यात्रियो को राहत मिलेगी। इस कार्य के लिए उन्होंने इनरव्हील क्लब पिंक का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्लब सचिव कनिका अग्रवाल, पूजा लड्ढा, ज्योत्सना कुकरेती, हेमा अग्रवाल ,बीना मित्तल ,आरती खर्कवाल, विम्मी बत्रा, अवंतिका अग्रवाल, महावीर सिंह रावत और कुंवर सिंह रावत सहित कम्पनी के निदेशक व क्लब सदस्य उपस्थित रहे।

# सरकार ने यदि नियंत्रित नहीं की महंगाई, तो सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे इंकाई

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** महानगर कांग्रेस अध्यक्ष राकेश सिंह एडवोकेट, कांग्रेस नेता जयेंद्र रमोला ने कहा कि लगातार बढ़ती बेतहाशा महंगाई से आम व गरीब जनता का अपने परिवार का भरण पोषण करना बहुत कठिन हो गया है। आज लगातार पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने का सीधा असर रोजमर्रा की जरूरतों चीजों और खाद्य सामग्री पर पड़ रहा है। मोदी सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है और जनता सरकार की गलत नीतियों के कारण आर्थिक बोझ से बेहद परेशान है। पूर्व मंडी समिति अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, ललित मोहन मिश्रा ने कहा कि उत्तराखंड में पेट्रोल की कीमत कई जिलों में 100 रुपये के पार पहुंच चुकी है, जबकि देहरादून में भी पेट्रोल 100 रुपये प्रति लीटर से ऊपर बिक रहा है। यह इस सरकार की कुनीतीयों व विफलता का के जीता-जागता प्रमाण है। कांग्रेस जनों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कहा कि अगर जल्द राहत नहीं दी गई तो जनता के साथ कांग्रेस सड़कों पर उतरने को मजबूर होगी। विरोध प्रदर्शन करने वालों में बैशाख सिंह पयाल, चंदन पंवार, प्रदीप जैन, राकेश अग्रवाल, ललित मोहन मिश्रा, प्यारे लाल जुगरान, सूरत कोहली, राजेंद्र कोठारी, पार्षद देवेंद्र प्रजापति, भगवान पंवार, सरोजनी थपलियाल, अशोक शर्मा, ऋषि सिंघल, पूरनजय भारद्वाज, मधु जोशी, सुमित चौहान, मदन शर्मा, हिमांशु कश्यप, हरि नेगी, आदित्य झा, विश्वजीत अधिकारी, आदि उपस्थित रहे।

# रामा पैलेस में प्रदर्शित होगी उत्तराखंडी फिल्म 'तेरी माया'

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** अंतरराष्ट्रीय गढ़वाल महासभा के देहरादून रोड स्थित कार्यालय में महासभा के संस्थापक अध्यक्ष डॉ राजे नेगी, उत्तराखण्डी फ़िल्म अभिनेता रणवीर सिंह चौहान, समाजसेवी धीरज सिंह एवं फ़िल्म से जुड़ी स्टार कास्ट ने सँयुक्त रूप से उत्तराखंडी फीचर फिल्म तेरी माया के पोस्टर का लोकार्पण किया। महासभा के अध्यक्ष डॉ राजे नेगी ने बताया कि उत्तराखंड की लोक संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों और भावनात्मक रिश्तों पर आधारित बहुप्रतीक्षित उत्तराखंडी फिल्म 'तेरी माया' रामा पैलेस सिनेमा हॉल ऋषिकेश में रोजाना एक शो में सुबह 10:30 बजे से प्रदर्शित की जा रही है। डा. नेगी ने कहा कि 'लगनी फिल्म्स' के बैनर तले निर्मित फिल्म को देहरादून में दर्शकों का भरपूर प्यार और आशीर्वाद मिला है। फिल्म का निर्माण अवध नारायण प्रसाद द्वारा जबकि लेखन एवं निर्देशन संजय सिंह नेगी ने किया है। फिल्म के छायांकन डीओपी मनोज सती, संगीत निर्देशन रणजीत सिंह तथा गीत संजय सिंह नेगी ने लिखे हैं। फिल्म को अपने मधुर स्वर से लोक गायक साहब सिंह रमोला, आकांक्षा रमोला, सुरेश काला, अमित खरे, अंजली खरे एवं सविता पर्सवान ने सजाया है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज
मात्र 5 लाख रुपयों में
100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने
के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234



# किसानों के मसीहा थे चौधरी चरण सिंह- सीएम योगी

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को विधान भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह को भारत मां का महान सपूत और किसानों का मसीहा बताया। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब का स्पष्ट मत था कि देश के विकास का रास्ता गांव, खेत और खलिहालों से होकर जाता है। उन्होंने कहा कि 23 दिसंबर 1902 को उत्तर प्रदेश में जन्मे चौधरी चरण सिंह स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े रहे और कृषि व राजस्व के क्षेत्र में कई रिफॉर्म का श्रेय उन्हें जाता है। योगी ने कहा कि किसान विकास के एजेंडे और सरकार की प्राथमिकता का हिस्सा होना चाहिए, और शासन की योजनाएं किसानों को ध्यान में रखकर तैयार होनी चाहिए।

इसी सोच को ध्यान में रखकर केंद्र सरकार ने उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार चौधरी चरण सिंह की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने के लिए किसानों के हित से जुड़े कई कार्यक्रम चला रही है। इसमें लखनऊ में बन रहा चौधरी चरण सिंह सीड पार्क भी शामिल है।

चौधरी चरण सिंह का देहावसान 29 मई 1987 को हुआ था। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्यमंत्री केपी मलिक, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद ब्रजलाल, विधायक नीरज बोरा, अमरेश कुमार, विधान परिषद सदस्य लालजी प्रसाद निर्मल, रामचंद्र प्रधान, उमेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

खुल गया! मात्र 150/-* रुपये में स्कूटी प्राप्त करें खुल गया!
BHOOMI DRIVE ELECTRIC
देशहित में तेल बचायें EV अपनायें
CT CHOUDHARY TRADERS
"SMOOTH POWER, ZERO POLLUTION"
'लीथियम बैटरी 2+1 साल की गारंटी के साथ'
* नियम शर्तें लागू
कम कागजी कार्यवाही के साथ तुरंत फाइनेंस सुविधा
पूरे जनपद बिजनौर में डीलरशिप के इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें
Shakti Chowk (Bijnor)
CHOUDHARY RUPENDRA SINGH 9799844832, 9664153231

मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना






डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)
डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423



Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS 9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor





खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans, Havells Fans Orient Fans



सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

